CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 23° C

नई दिल्ली, मंगलवार 12 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 131 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव के एजेंडे में नहीं है विकासः योगी

पेज 2



ओलंपियन अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

खेल टाइम्स



शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

सम्पादकीय



फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

पेज 12

## एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे कई सांसद

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद में चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई और विमान में सवार कई सांसदों की जान बाल-बाल बच गई। विमान से यात्रा कर रहे कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस हवाई सफर को अत्यंत डरावना बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अनुभव साझा करते हुए एक पोस्ट में उड़ान संख्या एआई 2455 की यात्रा को अत्यंत कष्टप्रद बताया और कहा कि इस यात्रा में वे 'त्रासदी के बेहद करीब' पहुंच गए थे। उन्होंने लिखा कि उड़ान पहले से ही विलंब थी। एयर इंडिया के इस विमान में कई सांसद और सैकड़ों यात्री थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

# वोट चोरी मुद्दाः 300 विपक्षी सांसदों ने किया चुनाव आयोग पर प्रदर्शन

## राहुल-प्रियंका व अखिलेश को हिरासत में लिया, दो घंटे बाद छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची संशोधन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया, तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।




- प्रदर्शन में दो महिला सांसद हुईं बेहोश अखिलेश यादव ने बैरिकेडिंग फांदी

### दिल्ली-NCR के नागरिक प्रशासन व स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी

# आवारा कुत्तों की नसबंदी करें: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनडीएमसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।



- अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट

## कबूतरों को दाना डालने वालों पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** पशु प्रेमियों के बाद पक्षी प्रेमियों को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के कबूतरखानों के मामले में सोमवार को सुनवाई की। अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेशों में दखल देने से इन्कार किया। अदालत ने कहा कि इस अदालत का समानांतर हस्तक्षेप उचित नहीं है। याचिकाकर्ता आदेश में संशोधन के लिए हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल हाईकोर्ट ने कबूतरों को दाना डालने के स्थान यानी कबूतरखाना से संबंधित आदेश में नगर निगम के आदेशों की अवहेलना करते हुए कबूतरों को दाना डालने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।






## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' 14 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार 14 अगस्त को सभी 75 जिलों में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1947 की त्रासदी को याद करना, युवा पीढ़ी को शिक्षित करना और बचे हुए लोगों के परिवारों के अनुभव साझा करना है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान विस्थापित हुए लोगों की स्मृति को सम्मानित करना है। विभाजन से प्रभावित परिवारों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और इस दौरान जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को थप्पड़ मारने वाले को 11 लाख इनाम

**रायबरेली।** यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य को बीते दिनों रायबरेली में एक युवक ने थप्पड़ मारने वाले युवक को 11 लाख रुपये का इनाम दिया गया है। आरोपियों की पहचान शिवम यादव व रोहित द्विवेदी के नाम से हुई थी। रक्षाबंधन के दिन दोनों की जेल रिहाई हो गई।रिहाई के बाद रोहित द्विवेदी को आशीष तिवारी नाम के व्यक्ति ने पूर्व मंत्री को थप्पड़ मारने पर 11 लाख रुपये का चेक दिया है।इसी बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने इनाम देने वाले लोगों पर तंज कसना शुरू कर दिया है और जिन दोनों आरोपियों ने हमला किया था उन्हें बीजेपी का गुंडा तक कह डाला। उन्होंने कहा कि ये सभी बीजेपी की गुंडे है। वे सही बोलने पर हमला करते है।

## गोरखपुर मामले को लेकर सपा सदस्यों ने वेल में की नारेबाजी

# हंगामे की भेंट चढ़ी यूपी विस की कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को पहले दिन की कार्यवाही गोरखपुर मामले को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गई। मामले की जांच की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्य लगातार हंगामा करते रहे लेकिन सरकार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान भी सपा के सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करते रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विपक्ष जानबूझकर एक ऐसे मामले को तूल दे रहा है, जिसका कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री स्वयं इस पर अपना स्पटीकरण दे चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सपा विधायक लगातार वेल में आकर हंगामा करते रहे। खन्ना ने कहा कि विधानसभा के संसदीय इतिहास में आज पहली बार हुआ है जब पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जा रही थी और सदस्य हंगामा कर रहे थे। ए अशोभनीय दृश्य था। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सर्वदलीय बैठक के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले की जानकारी नहीं दी। उसके बाद भी विधानसभा अध्यक्ष ने रात्रि भोज दिया, उसमें भी वो शामिल हुए। कहने का मतलब है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सरकार सदन चलाना चाहती है, लेकिन विपक्ष व्यवधान पैदा कर रहा है।



■ गोरखपुर में सरकार ने बनवाई सड़कें, सपा ने अपने समय में नहीं किया काम

### सपा का लोकतंत्र में विश्वास दिखावा मात्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है और इनसे सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। मानसून सत्र के पहले दिन सपा सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बाद सदन को संबोधित करते हुए योगी ने सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए कहा कि सपा का लो. कतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

### निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु एक समान हो

**लखनऊ।** विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु का मसला उठाते हुए कहा कि निजी स्कूल तीन साल में प्रवेश ले रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ सरक. ारी विद्यालय पांच साल में बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को दो साल का समय अधिक लगता है और वो निजी स्कूल की तरफ बढ़ जाते हैं। ऐसे में सरकार से उनकी मांग है कि निजी व सरकारी स्कूलों के समय को एक किया जाए। वहीं शिक्षा को लेकर स्कूलों के मर्जर पर सपा के सदस्यों ने वॉकआउट भी किया। विधान परिषद में स्कूलों के मर्जर को लेकर सवाल उठाते हुए लाल बिहारी यादव ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे ले जाती है, जबकि भाजपा की सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है।

# मानहानि मामले में मेधा पाटकर को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली, वार्ता

■ सुप्रीम कोर्ट ने 25 साल पुराने मामले में सामाजिक कार्यकर्ता की सजा व दोषसिद्धि को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को राहत नहीं दी है।

कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने की आवश्यकता थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की दलील को ध्यान में रखते हुए लगाया गया जुर्माना रद्द कर दिया गया है। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ 24 नवम्बर 2000 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तब सक्सेना गुजरात में एनजीओ के प्रमुख थे। मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एक जुलाई 2024 को पाटकर को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी पाते हुए पांच महीने के कारावास की सजा सुनाई।

# यूपी विस में जनहित के मुद्दों पर होगी सार्थक बहस: मायावती

लखनऊ, वार्ता

बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सोमवार से शुरू हुए मानसून सत्र को लेकर विश्वास जताया कि चार कार्य दिवस का संक्षिप्त सत्र औपचारिकता मात्र नहीं रहेगा, बल्कि सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज से शुरू हो रहा मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना ज़रूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनी. तिक स्वार्थ, द्वेष व कटूता आदि को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। बसपा अध्यक्ष ने संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने पर चिंता जताते हुए कहा कि जन अपेक्षा के अनुसार संसद की कार्यवाही नहीं चलने से लोगों में चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है, उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है, जिसपर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की ज़रूरत है।



### गूगल मैप से हो रही घटनाओं को लेकर होगी चर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन हालांकि सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बीच बीएसपी के विधायक ने कहा है कि गूगल मैप की वजह से हो रही दुर्घटनाओं का मामला मंगलवार को सदन में उठेगा। विधानसभा में बीएसपी के नेता और रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह ने नियम 56 के तहत इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उमाशंकर सिंह ने बताया कि गूगल मैप द्वारा पुल और मार्ग संबंधी जानकारी को समय से अपडेट नहीं कर रहा है।

# अखिलेश यादव के एजेंडे में विकास नहीं: योगी

## सीएम योगी ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने आए सदस्यों का स्वागत किया

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ए लोग हमेशा से ही विकास के खिलाफ रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए यह बात कही। इसके बाद सदन के भीतर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सदन की कार्रवाई में भाग लेने आए सभी सदस्यों का स्वागत करता हूं। यहां पर जनता विकास से जुड़े जिन मुद्दों पर जनप्रतिनिधि चर्चा करते हैं देश के अंदर वो एक नजीर के रूप में देखी जाती है। योगी ने कहा कि पिछले 8 साल के अंदर यूपी विधानमंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस बार का सत्र जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से विधायिका किस प्रकार आगे बध्ती है। हम सब उपस्थित हुए। उन्होने कहा कि आज सत्र शुरू होगा और सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछे जाएंगे। सरकार की ओर से सार्थक जवाब उपलब्ध कराया जाएगा। बाढ़ से जुड़े मुद्दे और जलजमाव से जुड़े मुद्दे उठेंगे स्वस्थ्यशिक्षा के मुद्दों पर सरकार ने जो भी किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के साथ विकसित भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया ।विकसित भारत विक. सित यूपी के लिए सरकार का विजन क्या है पहली बार इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि और 14 अगस्त को 24 घण्टे इस पर चर्चा होगी। इस विजन डाक्यूमेट को हर किसी की सहभागिता हो इस पर चर्चा करेगी। मेरी अपील है कि आठ साल के भीतर समाज के हर तबके को लेकर बेहतरीन प्रयास किया। उसकी चर्चा देश के भीतर हुई। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परशेप्शन में अंतर आया है। हम सभी प्रस्तावों का जो युवाओं और यूपी के विकास से जुड़े होंगे चर्चा हो। सार्थक चर्चा हो। मेरी अपील सभी प्रतिपक्षियों से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वो अनावश्यक न्यूजसेन्स क्रिएट करेंगे, तो जनता की अदालत में न्याय होगा। स्वाधीनता दिवस के पूर्व यूपी के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर संदेश देने का काम करेंगे। जब भारत 2047 में विकसित होगा, तो यूपी भी इसमें शामिल होगा। विकास के प्रति भाजपा और सरकार की प्रतिबद्धता है। उनकी नहीं है। विकास इनके एजेंडे में नहीं है, इसलिए ऐसे असंसदीय शब्दो का प्रयोग करते है।



■ पिछले आठ साल के अंदर यूपी विधान मंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की :सीएम



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 100201
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114308
प्रति किलो



# सेंसेक्स व निफ्टी तेजी के साथ हुए बंद

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की 15 अगस्त को प्रस्तावित बैठक की खबरों से सोमवार को भारतीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत चढ़ गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.29 अंक (0.93 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 0.91 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 221.75 अंक चढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक पिछले सप्ताह शुक्रवार को तीन महीने के निचले स्तर पर बंद हुए थे। ट्रम्प और पुतिन के बीच बैठक पर सहमति बन गई है। अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को होने वाली इस बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकलने की संभावना है। इस खबर से दूसरे एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी लिवाली रही। सेंसेक्स आज करीब 28 अंक की मामूली बढ़त के साथ खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। इसका दिवस का निचला स्तर 79,772.46 अंक और उच्चतम स्तर 80,636.05 अंक रहा। अंत में यह 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक लगभग आठ अंक की बढ़त के साथ 24,371.50 अंक पर खुला। इसका निचला स्तर 24,347.45 अंक और ऊपरी स्तर 24,600.85 अंक तक गया। अंत में 24,585.05 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर अन्य समूहों में तेजी रही।



रियलिटी, ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग समूहों में खूब लिवाली हुई। एनएसई का 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक 0.96 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम भरोसा दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत चढ़ गया। विदेशों में एशिया का निक्केई 1.85 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.19 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 फीसदी की बढ़त में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला. जुला रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत की गिरावट और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था।

# सोने और चांदी की कीमतों में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 741 रुपए घटकर 1,00,201 रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी भी 424 रुपए गिरकर 1,14,308 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,430 रुपए है, जबकि मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। वहीं कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 93,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है, तो भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,800 रुपए है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

# बुसान एक्सपो से जनवरी तक 1000 कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना

लखनऊ, वार्ता

दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक नगर बुसान के बेक्सको में 7 से 10 अगस्त तक आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने अपने समृद्ध बौद्ध विरासत की झलक प्रस्तुत की। सम्मेलन में यूपी पर्यटन के पवेलियन ने आगंतुकों को भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों और बौद्ध सर्किट की विशेषताओं से रूबरू कराया।

एक्सपो के दौरान हुई वार्ताओं के क्रम में अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट में 1000 से अधिक कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना है। बुसान में आयोजित एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन पवेलियन का शुभारंभ भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव एवं हेड ऑफ चांसरी अनन्या अग्रवाल (आईएफएस-2013) और उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कोरियाई बौद्ध धर्म के सबसे सम्मानित भिक्षुओं में से एक सुबुल सुनीम की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु (पिपर. हवा), संकिसा और श्रावस्ती जैसे प्रतिष्ठित बौद्ध स्थलों के संरक्षण और उन्नयन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, भारत आकर इन स्थलों की तीर्थ यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने राज्य के भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख तीर्थस्थलों का भव्य प्रदर्शन किया। यूपी की बौद्ध धरोहरों ने वैश्विक मंच पर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पवेलियन में रोचक कहानियों, सांस्कृतिक प्रदर्शनियों और अनूठी सजावट ने विशेष रूप से लोगों को लुभाया। उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधिमंडल ने जोगए ऑर्डर के ले बौद्ध एसोसिएशन के अध्यक्ष जंग वोनजू से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। बैठक में भारत यात्रा को प्रोत्साहित करने में जोगए ऑर्डर की संभावित भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। अयोध्या का विशेष उल्लेख किया गया, जहां आने में कोरियाई आगंत. ुकों ने गहरी रुचि दिखाई। कोरिया की महारानी हियो वांग-ओक का जन्म अयोध्या में हुआ था, जिससे यह स्थान कोरियाई पर्यटकों के लिए विशेष ऐतिहा. सिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

# धार्मिक स्थल को लेकर हिन्दू मुस्लिम आमने सामने

■ मकबरे को शिव मंदिर बताकर किया अनुष्ठान, पुलिस तैनात

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर हिंदू और मुस्लिम संगठन सोमवार को आमने-सामने आ गए। एक हफ्ते पूर्व से हिंदू संगठन मकबरे को शिव मंदिर बता कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कह रहे हैं।

विवाद की आशंका को लेकर जिला प्रशासन ने विवादित क्षेत्र को बैरीकेडिंग से कवर कर दिया था मगर आज दोनों पक्ष के हजारों लोग वहां पहुंच गए। भीड़ में प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरिकेड को तोड़ दिया। मौके पर भारी फोर्स के साथ प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया कि शहर के अबू नगर मोहल्ले में मकबरा और प्राचीन शिव मंदिर को लेकर हिंदू संगठनों और मुस्लिम संगठनों ने अपना-अपना दावा किया है एक हफ्ते पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने मकबरे को प्राचीन शिव मंदिर बात कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कही थी, उनके आह्वान पर प्रशासन ने मकबरे के पास से दूर से बैरिकेडिंग कर रखी थी और एक दर्जन थाने की फोर्स को तैनात कर दिया था। इस बीच भीड़ ने विवादित स्थल पर धार्मिक झंडा लगा दिया जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। प्रशासन ने झंडा तो उतरवा दिया है, लेकिन हिंदू और मुस्लिम संगठन लाठी डंडों के साथ अगल-बगल मौजूद हैं। सूचना पाकर प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी अजय मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए हैं। भारी संख्या में पीएसी बुलाई गई है। अभी तक किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। डीएम रविंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह भी पर हैं।

# देश विरोधी ताकतों के दबाव में राहुल गांधी: चौहान

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया और अब चुनाव आयोग को बदनाम कर रहे हैं।

चौहान ने सोमवार को यहां जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि गांधी और इंडिया गठबंधन देश विरोधी ताकतों के दबाव में लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया, चुनाव आयोग को बदनाम किया, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को बदनाम किया, सेना के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया और सेना के शौर्य पर सवाल खड़े किए। चौहान ने कहा कि वे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार झूठ बोल रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ बोला और जब सेना ने सारे तथ्य सामने रखे तो उनकी बोलती बंद हो गई। पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए कि ईवीएम के कारण वह चुनाव हारते हैं, सबूत मांगे, तो सबूत दिए नहीं। उच्चतम न्यायालय ने बाद में फटकार लगाई, तो मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। अब ईवीएम छोड़ दिया, अब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर आ गए, अब मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं राहुल गांधी, कांग्रेस के नेताओं और इंडिया गठबंधन से पूछना चाहता हूं, क्या कर्नाटक में कांग्रेस मतदाता सूचियों की गड़बड़ियों के कारण जीती?



■ इंडिया गठबंधन लोकतंत्र को बदनाम कर रहे है: शिवराज

### भाजपा का गठबंधन पर तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान की दुहाई देने वाले इंडिया गठबंधन के नेता देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। प्रधान ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता मतदाता सूची को लेकर शोरशराबा करके इसमें घुसपैठियों को शामिल करवाकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। ये लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और उनका दल, इंडिया गठबंधन के लोग, विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी, जो आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं। सबसे ज्यादा संविधान विरोधी काम अगर कोई कर रहा है, तो उसके सरगना भी राहुल गांधी ही हैं। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पहले ईवीएम को लेकर झूठ बोलती है, कभी महाराष्ट्र की बात उठाते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मुख्यमंत्री ने रखा मानसून सत्र का रिपोर्ट कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जल्द ही संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक मानसून सत्र का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने बताया कि ४ से ८ अगस्त तक चले इस सत्र में पांच महीने के कार्यकाल में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित करके उनकी सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं उन्होंने पिछली सरकार के विफलता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पांच साल में महज १४ विधेयक ही पास कर पाई। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ सीएजी रिपोर्ट के आधार पर विपक्ष के भ्रष्टाचार को उजागर किया, साथ ही फांसीघर जैसे भ्रामक ऐतिहासिक फेरबदल पर भी आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता में कहा हमारी प्राथमिकता राजनीतिक नौटंकी नहीं, बल्कि रचनात्मक बहस और जनसमस्याओं के समाधान पर केंद्रित शासन है। हर विधायक को बोलने का अवसर मिला, विपक्ष को भी बराबर का समय दिया गया, ताकि सदन वास्तव में जनता की आवाज बन सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया मात्र पांच महीनों में ३ अहम विधेयक पारित, जबकि पिछली सरकार ने पूरे पांच वर्षों में केवल १४ विधेयक पारित किए थे (जिनमें से अधिकांश वेतन संशोधन और जीएसटी से संबंधित थे)। मुख्यमंत्री ने सदन लो. कतांत्रिक व्यवस्था को रेखांकित करते हुए बताया कि अनुच्छेद २८० के तहत सदस्यों ने अपने मुद्दे सदन में रखे और ६२ विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वर्षों से लंबित दिल्ली स्कूल शिक्षा (पारदर्शिता एवं शुल्क विनियमन) विधेयक पारित बहुमत से पारित हुआ। जिससे निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक लगेगी और अभिभावकों को राहत मिलेगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सत्र में पेश दो सीएजी रिपोर्ट ने पूर्ववर्ती आमआदमी पार्टी की सरकार के शासन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं की पोल खोल दी। यमुना सफाई, अमृत योजना और अन्य परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से मिले फंड का सही उपयोग नहीं किया गया। यहां तक कि ५२,००० करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व के लिए उपयोगिता प्रमाणपत्र तक दाखिल नहीं किए गए।

कई योजनाएं सिर्फ कागजों में चलती रहीं, जबकि जनता को कोई लाभ नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने इसे दिल्ली की जनता के साथ सीधा विश्वासघात बताया और कहा कि हमारी सरकार हर रुपये का उपयोग जनता के हित में पारदर्शी ढंग से कर रही है। न पैसा लटकने दिया जाएगा, न भ्रष्टाचार को बख्शा जाएगा।

## प्रॉपर्टी विवाद में चाची को जलाकर हत्या करने वाला भतीजा पकड़ा

**नई दिल्ली।** वेलकम इलाके में अपनी ही चाची की मिट्टी का तेल डालकर हत्या की वारदात में शामिल १३ साल से फरार भतीजे सोनू उर्फ अजय को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २९ जनवरी २०१२ को, आरोपी अशोक, भरत, हीरा, सोनू और बबलू ने राजरानी उर्फ राजकुमारी (भरत की दूसरी पत्नी) पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, क्योंकि उनके पति की संपत्ति पर उनके दावे को लेकर विवाद चल रहा था। वेलकम पुलिस ने मामला दर्ज हत्या और हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज करके आरोपी सोनू, अशोक कुमार, हीरा देवी और बबलू को अपराधी घोषित कर दिया था। अशोक कुमार और हीरा देवी को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सोनू और बबलू फरार थे। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर मंजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद सीताराम बाजार इलाके में छापेमारी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा। अपनी चाची की हत्या के बाद, आरोपी अपने परिवार के साथ फरार हो गया और नागपुर (महाराष्ट्र), हैदराबाद, जयपुर (राजस्थान) और गोगामेड़ी (राजस्थान) सहित कई शहरों में शरण ली, और अपनी पहचान और ठिकाना लगातार छिपाता रहा था।

# तिरंगा फहराने का किया आग्रह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बवाना विधानसभा के शाहबाद डेयरी क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने तिरंगा लहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय निवासियों, युवाओं और महिलाओं ने सहभागिता की। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम की गाथा, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह हमारी सेना के शौर्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस और शौर्य से सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर में विजय हासिल कर तिरंगे का मान बढ़ाया है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संकल्प की दिशा में हर घर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस का पर्व गर्व और उत्साह के साथ मनाएं और आजादी के नायको और वीर शहीदों को नमन करें। कैबिनेट मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सभी घरों, संस्थानों और बाजारों में तिरंगा फहराने का आग्रह किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत, माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के आह्वान शदिल्ली को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियानश में योगदान का भी आग्रह किया। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों, स्कूलों, बाजार संघों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी यात्रा में सहयोग और सहभागिता की। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट- सीजन-2 में किसानों व छात्रों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट ने अपने मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट- सीजन2, 2025 सबसेबड़ेऑलराउंडर की तलाश का सफल समापन किया। टैफे की यह अग्रणी पहल बहुमुखी मैसी फर्ग्यूसन डाइनाट्रैक 241 ट्रैक्टर की क्षमता से संचालित मौलिक, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रभावशाली विचारों को खोजने और सम्मानित करने का उद्देश्य रखती है। सीजन 2 में हुई प्रतियोगिता को लोगों ने बहुत पसंद किया। इसमें 26 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों से 16, 000 से भी ज्यादा एंट्री प्राप्त हुई, जिससे पता चलता है कि हमारे देश में खेती-बाड़ी में कितनी विविधता है। इन सब में से 12 फाइनलिस्ट चुने गए, जो 7 राज्यों - असम, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश - से थे। इस प्रतियोगिता में किसानों, गाँव के उद्यमियों और कृषि-छात्रों ने हिस्सा लिया, जिससे जमीनी स्तर पर नवाचार की एक बहुत ही जीवंत संस्कृति देखने को मिली।जूरी का विशेष पुरस्कार डॉ. जयकुमार करपुसामी को दिया गया, जो असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन के रहने वाले एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं।

उन्होंने एक बहुउद्देशीय फार्म मशीन का प्रस्ताव दिया था, जिसके लिए उन्हें 50 ग्राम का चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूशनल श्रेणी में, कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज और अनुसंधान संस्थान (तमिलनाडु कृषि विश्व. विद्यालय), कुमुलुर, त्रिची की टीम को 8-रो ट्रैक्टर-माउंटेड ट्रांसप्लांटर के आईडिया के लिए पहला पुरस्कार मिला। दूसरा पुरस्कार बन्नारी अम्मान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इरोड को मिला, जिन्होंने एक स्वचालित मल्टी-वेजिटेबल ट्रांसप्लांटर विकसित किया था।

## भगोड़ा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के दयालपुर थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि ४ फरवरी को रात्रि लगभग ०८ बजे दयालपुर थाने में गोल. ीबारी की घटना की सूचना मिली थी पूछताछ के दौरान, पीड़ित ने बताया कि जब वह अपनी स्कूटी पर नेहरू विहार की गली नंबर २ से गुजर रहा था, तो मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों ने उसका पीछा किया। उनमें से एक ने उस पर पिस्टल से गोली चला दी और फिर मौके से भाग गया। इसके बाद दयालपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर जाँच शुरू की गई।



## रुद्राभिषेक किया

**नई दिल्ली।** वार्ड ब्रह्मा पुरी से निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रवण के पवित्र महीने में भोले बाबा की बारात का शुभ विवाह व महा रुद्राभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस बाबत छाया गौरव शर्मा ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा ऐसे ही भक्तों पर बरसती रहे भोले बाबा सभी पर कृपा करें।

## एक नजर

### एमबीए प्रोग्राम के लिए एडमिशन विंडो खुली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट (स्नैप) टेस्ट 2025 के लिए ऐप्लीकेशन की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। गौरतलब है कि यह एमबीए में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। पांच दशकों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सिम्बायोसिस उन छात्रों के लिए टॉप चॉइस है जो विश्व स्तर पर प्रासंगिक, उद्योग जगत के अनुरूप और अकादमिक रूप से दृढ़ प्रबन्धन शिक्षा पाना चाहते हैं। स्नैपके लिए रजिस्ट्रेशन एवं पेमेंट विंडो की शुरूआत १ अगस्त (शुक्रवार को हुई, जो 20नवम्बर 2025 (गुरूवार) तक खुली रहेगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन तीन तारीखों पर होगा, यानि उम्मीदवार तीन बार तक परीक्षा दे सकते हैं।

### वित्त वर्ष 26 में एक हजार करोड़ के लक्ष्य की तैयारी

**नई दिल्ली।** वियरेबल ब्रांड, बोल्ट ने अब खुद को गोबोल्ट के नाम से पेश किया है, जिसके साथ नया लोगो, ज्यादा फोकस वाली बिजनेस स्ट्रेटेजी और टेक्नोलॉजी, डिजाइन व रिटेल में बड़े निवेश की भी घोषणा की गई है। यह बड़ा बदलाव वित्त वर्ष 25 की शानदार सफलता के बाद किया गया है। बोल्ट ने इस साल 800 करोड़ रुपए का टर्नओवर हासिल किया, जो पिछले दो सालों में दोगुनी कमाई की तरफ इशारा करता है। अब गोबोल्ट का लक्ष्य वित्त वर्ष २६ में 1,000 करोड़ रुपए का आँकड़ा पार करना है। गोबोल्ट के को-फाउंडर, वरुण गुप्ता ने कहा, ष्बोल्ट की परिभाषा मेरे लिए कभी-भी सिर्फ एक ब्रांड तक सीमित नहीं रही है। यह मेरे लिए एक पैशन प्रोजेक्ट था, जिसे मैंने दिल, मेहनत और भरोसे से बिल्कुल शून्य से शुरू किया था। अब गोबोल्ट सिर्फ एक नया नाम नहीं, बल्कि मेरे लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है।

### उड़ीसा-पश्चिम बंगाल-दिल्ली के बीच के नेटवर्क की महिला ड्रग्स पकडी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल से दिल्ली में ट्रेन के जरिए गांजा की तस्करी करने वाली एक महिला अर्चन मन्ना को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला से १२ पैकेटों में पैक १२.५५ किलोग्राम गांजा बरामद किया है। सब इंस्पेक्टर रंजना की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी अर्चन मन्ना को आश्रम फ्लाईओवर से उसकी बेटी (दो बच्चों सहित) के साथ गिरफ्तार किया गया, जब वह अपने घर गोविंदपुरी जा रही थी। आरोपी उड़ीसा-पश्चिम बंगाल-दिल्ली के बीच एक बड़ा नेटवर्क का हिस्सा थी। आरोपी को एन्क्रिप्टेड ऐप्स इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया गया, जिनका इस्तेमाल कॉल लॉग को तुरंत डिलीट करने के लिए किया जाता है और वह बेहद गुप्त तरीके से काम करती है। आरोपी के फोन में गांजा खरीदते समय उसकी गुणवत्ता के बारे में बात करते हुए वीडियो मिले हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि २०१४ में अपने चाचा के साथ दिल्ली आईं और नौकरानी का काम करने लगीं।

### एयरपोर्ट पर मिला चॉकलेट के सुनहरे डिब्बों में कोकेन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आईजीआई एयरपोर्ट पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े दो मामले लगातार सामने आए हैं। इनमें एक मामले में गांजा तो दूसरे मामले में कोकेन की बड़ी खेप बरामद हुई है। वहीं, दोनों मामले को जोड़ दें तो बरामद मादक पदार्थ की कुल कीमत करीब १०० करोड़ से भी अधिक है। दोनों मामले में जांच में कस्टम विभाग जुटा है। छह अगस्त को दोहा से आई इंडिगो की उड़ान ६ई १३४६ से एक यात्री उतरा। टर्मिनल-३ पर जब यात्री उतरा तो उसके पास एक हरे रंग का हैंडबैग था। सीमा शुल्क अधिकारियों ने संदेह के आधार पर यात्री को ग्रीन चौनल पर रोका और उनके सामान की एक्स-रे जांच की। वहीं, जांच के दौरान हरे रंग के हैंडबैग में रखे फेरेरो रोशर चॉकलेट के आठ सुनहरे डिब्बों में ५४६९.५ ग्राम सफेद रंग का मादक पदार्थ पाया गया। प्रारंभिक डायग्नोस्टिक परीक्षण में यह पदार्थ कोकेन पाया गया। कस्टम अधिकारियों ने जब्त किए गए पदार्थ का अनुमानित मूल्य लगभग ८२.०४ करोड़ रुपये है। कोकेन बरामदगी से पूर्व दो अगस्त को बैंकाक से दिल्ली पहुंची एअर इंडिया की उड़ान संख्या २३३३ से टर्मिनल-३ पर पहुंचे एक भारतीय यात्री के खिलाफ प्रोफाइलिंग के आधार पर कार्रवाई की गई।

## द लिट फेस्टिव ऑफर लॉन्च किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी मैटर ने इस त्योहारी मौसम में ग्राहकों के लिए खुशखबरी का ऐलान किया है। कंपनी ने अपनी पहली और भारत की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरबाइक मैटर ऐरा पर एक खास त्योहारी ऑफर 'द लिट फेस्टिव ऑफर' लॉन्च किया है। रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख भारतीय त्योहारों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष ऑफर १ अगस्त से शुरू हो चुका है और पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, जयपुर और दिल्ली में सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है।

# एमसीडी स्वीमिंग पूल में डूबने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग स्थित बीके-टू के एमसीडी स्वीमिंग पूल में छोटे भाई के सामने उसके बड़े भाई की स्वीमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। अपने भाई को बचाने की दोस्तों के साथ काफी कोशिश भी की थी। लेकिन वह बचा नहीं पाया। किसी तरह से करीब दस फुट गहरे पानी से अपने अचेतावस्था में पड़े भाई को निकालकर नजदीक के प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को शुरूआती जांच में मौके पर कई लापरवाह चीजें सामने आई हैं। पुलिस मामले में सिक्योरिटी गार्ड से भी पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे शालीमार बाग पुलिस को फॉर्टिस अस्पताल से पीपल थला इलाके में रहने वाले अंकित (22)को भर्ती करवाने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। पता चला कि उसकी स्वीमिंग पूल में डूबने से मौत हुई है। उसको उसके छोटे भाई और तीन दोस्तों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। अंकित की आदर्श नगर इलाके में जूस की दुकान है। पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परि. जनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि बीके-दो स्थित इस स्विमिंग पूल का संचालन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) करता है। जिसकी तीन दिन पहले ही बिजली का बिल नहीं जमा करवाने पर बिजली काट दी गई थी। रविवार को स्वीमिंग पूल आम जनता के लिये बंद रहता है। अंकित अपने भाई व दोस्तों के साथ अंदर कैसे गया,किस तरह से डूबा,मामले में अंकित उसके दोस्तों और सिक्योरिटी गार्ड से पूछताछ की जा रही है। आशंका यह भी है कि सिक्योरिटी गार्ड ने पैसों के लालच में उनको नहाने के लिये इजाजत दे दी थी। रजिस्टर में भी कोई एंट्री नहीं मिली है।

# आमा सम्मान दिवस का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिक्किम ने रांगपो ग्राउंड में प्रथम आमा सम्मान दिवस का भव्य आयोजन कर आज अपने इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा है। यह विशेष दिन माताओं के असीम प्रेम, त्याग और शक्ति को समर्पित रहाख्रवे माताएं जो परिवारों, समुदायों और समूचे राज्य की प्रगति की मौन लेकिन अटूट आधारशिला रही हैं। इस आयोजन के माध्यम से उनके अमूल्य योगदान को पूरे सम्मान के साथ नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तामांग गोले के साथ उनकी माता और पत्नी भी उपस्थित रहीं। अपने दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए, मुख्यमंत्री ने अगस्त 10 को आमा सम्मान दिवस के रूप में आधिकारिक रूप से घोषित किया, जिसे हर साल मनाया जाएगा - मातृत्व के समाज की नैतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक तानेबाने को आकार देने में असीम मूल्य के प्रति यह एक स्थायी प्रमाण है । यह भव्य कार्यक्रम महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग जन कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया।



**निगम के शिक्षा विभाग के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपते उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा आदि।**

# निगम के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर के हंसराज गुप्ता सभागार में निगम के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में २७ दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर नियुक्ति पत्र दिए एवं १३ दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को टीचर वेलफेयर फंड की राशि के चेक दिए। इस अवसर पर उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा,निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी,अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल,शिक्षा विभाग के निदेशक संजय सिंह सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जब जब दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है हमारी कोशिश रही है कि फंड की कमी के बावजूद भी कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि यह सब कार्य पिछले ढाई साल में ही जाने चाहिए थे। महापौर ने कहा कि जब आप लोगों को पीड़ा होती है तो हमारा भी मन दुखता है। उन्होंने कहा कि जिनको करुणामूलक आधार पर नौकरी मिली है उनसे विनती है कि ५ साल तक स्थानांतरण के लिए हमारे पास न आएं।आपको निगम में समर्पित होकर कार्य करना है,हमारा जुड़ाव जगह से न होकर विभाग के साथ होना चाहिए। हमारी सोच होनी चाहिए कि हम दिल्ली की जनता की सेवा कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में नौकरी का मतलब है जनता की सेवा।

# एनआईईपीए ने 12वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में क्षमता निर्माण और शोध के लिए समर्पित संस्थान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (एनआईईपीए) ने आज इंडिया हैबिटेट सेंटर में अपना 19वां स्थापना दिवस एक विशिष्ट व्याख्यान के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में जानेमाने विचारकों ने 21वीं सदी की चुनौतियों एवं अवसरों के लिए भारत के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में इस संस्थान की विरासत और भूमिका पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के मुख्य मेहमान, इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव ने ष्उभरती नई दुनिया के लिए भारत को तैयार करनाष विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। 19वें स्थापना दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण डॉ. राम माधव का अत्यधिक प्रतीक्षित व्याख्यान था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआईईपीए के कुलाधिपति महेश चंद्र पंत ने की। औपचारिक कार्यक्रम में एनआईईपीए के कर्मचारियों और विद्वानों के लिए एक विशेष सम्मान और पुरस्कार समारोह भी शामिल था। उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार किया गया।

कार्यक्रम का समापन एनआईईपीए के रजिस्ट्रार डॉ. सूर्य नारायण मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नरेला जोन में नागरिकों से साफ सफाई में सहयोग की अपील की

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन में चल रहा है एक विशेष स्वच्छता अभियान, जहां जोन के डिप्टी कमिश्नर राकेश कुमार ने नागरिकों से साफ-सफाई में सहयोग की अपील की है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि हम सभी निवासियों से निवेदन करते हैं कि स्वच्छता को अपनाएँ, बीमारियों को दूर भगाएँ। स्वच्छ वातावरण से ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। डिप्टी कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि गंदगी सिर्फ बीमारियों की जड़ ही नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण को भी प्रदूषित करती है। इस अभियान का उद्देश्य है नरेला जोन को न केवल साफ बनाना, बल्कि लोगों को जिम्मेदारी का अहसास कराना और उन्होंने यह भी बताया कि हम नरेला जोन में कबड्डी जैसे खेलों को भी प्रमोट करेंगे और उनका आयोजन करेंगे ताकि लोगों में खेलों के प्रति ज्यादा से ज्यादा रुचि जागृत हो।

# एआई से सॉफ्टवेयर डेवलप करने की नई विधि पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एडब्लूएस ने जेनरेटिव एआई का उपयोग करके सॉफ्टवेयर डेवलप करने की एक नई विधि पेश की है, जिसका अनावरण बैंगलुरू में आयोजित एडब्लूएसडेवसफेरे 2025 ईवेंट में किया गया। एआई संचालित डेवलपमेंट लाईफसायकल पद्धति 'एजेन्टिक एआई के वीपी स्वामी शिवसुब्रमण्यम द्वारा पेश की गई। इस पद्धति में सॉफ्टवेयर का विकास एआई की मदद से किया जाता है। इस पद्धति के साथ उन्होंने एडब्लूएस एआई -नेटिव बिल्डर्स कम्युनिटी भी लॉन्च की। यह टेक्नोलॉजी लीडर्स का एक पीयर-टू-पीयर नेटवर्क है, जो नई खोज को साझा करने, कमियों को दूर करने तथा एआई-नेटिव परिवर्तन में तेजी लाने के लिए शुरू किया गया है।

पिछले माह न्यू यार्क में एडब्लूएस एआई में हुई घोषणा के बाद सुब्रमण्यम ने प्रदर्शित किया कि एडब्लूएस किस प्रकार ग्राहकों को एआई एजेंट का निर्माण व क्रियान्वयन करने में मदद कर रहा है, जिससे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में तेजी आ रही है, उत्पादकता बढ़ रही है और ग्राहक अनुभवों में सुधार हो रहा है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने की जनसुनवाई, बढ़ रही प्रार्थियों की संख्या

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर स्वतंत्र व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराया जाएः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रत्येक जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।



जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होंने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। इस दौरान एक दिव्यांग द्वारा बिजली बिल अधिक होने के कारण जिलाधिकारी महोदय से प्रार्थना की गयी कि उसके घर में कोई कमाने वाला नहीं है और वह इतना बिल का भुगतान नहीं कर सकता।

डीएम द्वारा चीफ इन्जीनियर विद्युत से इस सम्बंध में वार्ता की गयी, साथ ही प्रार्थी से अन्य कोई और कार्य से पूछा गया, जिस पर प्रार्थी द्वारा सिर्फ बिल के भुगतान के सम्बंध में ही कहा गया। किसानों द्वारा चीनी मिल से दीपावली से पूर्व शेष गन्ना भुगतान करवाने हेतु निवेदन किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र भुगतान कराने हेतु आवश्वस्त किया।

इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सहित अन्य द्वारा नवनियुक्त जिलाधिकारी महोदय को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह सहित अन्य के माध्यम से स्वागत किया गया। डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में निवासरत सभी पूर्व सैनिकों का विस्तृत विवरण तैयार कर उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि कोई पूर्व सैनिक कार्य करने का इच्छुक हो, तो उसकी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार नियोजन की व्यवस्था की जा सके। इस दौरान एक वृद्ध दम्पत्ति द्वारा अपने पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी कि उसने बेईमानी से पूरी जमीन अपने नाम करवा दी है और उन्हें रहने-खाने को भी नहीं दे रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय ने सम्बंधित अधिकारी को इस सम्बंध्ध में शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी महोदय ने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि हर शिकायत का प्राथमिकता के साथ स्वतंत्र व पारदर्शिता के साथ निस्तारण करायेंगे। इस सम्बंध में उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत या प्रार्थना पत्र के निस्तारण में हिला- हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एफ/ आर सौरभ भट्ट व जिलासू. चना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने वाला दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** प्रतिदिन पूर्व थाना पुलिस को एक तहरीर दी गयी कि एक व्यक्ति सोशल मीडिया पर कुछ लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है इसको लेकर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम कथित की गई कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सोनू त्यागी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष समुदाय के यू-ट्यूबर व मीडिया कर्मियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी व अभद्र भाषा का प्रयोग कर अन्जाम भुगतने की धमकी दी थी जिसके सम्बन्ध में थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओ आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने आरोपी सोनू त्यागी उर्फ नीरज त्यागी पुत्र विशेष कुमार निवासी ग्राम काकडा थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है।

## आधार कार्ड व नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा डाक विभाग के सहयोग से भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा की प्रेरणा से बी एन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन लोनी के लोकप्रिय विधायक नंद किशोर गुर्जर द्वारा किया गया। शि. विर में 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा सभी आयु के आधार कार्ड में संशोधन किया गया श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम द्वारा भी मुफ्त नेत्र जांच की व्यवस्था की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश आदि रहे। युवा मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा एवं अभिषेक कुमार मंडल उपाध्यक्ष लोनी देहात गाजियाबाद ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर पटका पहनाकर माला पहनाकर शानदार स्वागत किया और शिविर में व्यवस्था की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने क्षेत्र की जनता से ज्यादा से ज्यादा आधार कार्ड केंद्र पर पहुंचकर आधार कार्ड बनवाने की अपील की तथा नेत्र जांच की भी अपील की क्षेत्रीय जनता ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के इस अनोखे कार्य की सराहना की विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल तथा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा किए गए इस जनहित के कार्य की सराहना करते हुए लोनी में भविष्य में भी ऐसे ही शिविर आयोजित करने की अपील की तथा क्षेत्र की जनता से लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक नंदकिशोर गुर्जर पंडित अशोक भारतीय हिमांशु शर्मा अभिषेक कुमार मंडल आदि रहे।

भारत विकास परिषद साहिबाबाद ने

## 20 टीबी मरीजों को लिया गोद, रेड क्रॉस मुहिम में जोड़ा नया अध्याय

**गाजियाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मंदर जिलाधिकारी गाजियाबाद की प्रेरणा से रेड क्रॉस सभापति डॉ सुभाष गुप्ता के आह्वान पर भारत विकास परिषद साहिबा. बाद ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कीस भा. वि. प. अध्यक्ष हरीश गर्ग, सचिव ब्रिजेश जादौन, कोषाध्यक्ष एम.पी.अरोडा व अन्य का सभापति सुभाष गुप्ता व सहयोगी एम. सी. गौड़ द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ा कर अभिनंदन किया। भारत विकास परिषद साहिबाबाद के सौजन्य से रेड क्रॉस के उद्देश्य पूर्ति हेतु आयोजित इस कार्यक्रम 20 क्षय रोगियों को गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्र पसौंडा के स्वास्थ्य केंद्र पर गोद लेकर पोषण पोटली वित. रित की स सभी लाभार्थियों को केंद्र प्रभारी डॉ आर.के. शर्मा ने विस्तार से समझाया की दवा नियमित रूप से लेते रहे और 6 महीने तक दी जाने वाली इस पोष्टीक सामग्री का नियमित रूप से सेवन करते रहें स घर में सभी के स्वास्थ्य की चिंता करें स परिवार में सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करा लें और रोगी को ढूंढ कर लाने पर 500/-प्रति रोगी रेड क्रॉस सभापति द्वारा व्यक्तिगत रूप से दिया जाएगा। सभापति सुभाष गुप्ता ने कहा कि साढ़े तीन वर्षों से इस मुहीम में लगे हुए हैं हर महीने लगभग छः स्थानों पर क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण के साथ-साथ क्षय रोग जागरूकता अभियान व जागरूकता शिविर का आयोजन निर्बाध रूप से कर रहे हैं, जिसके लिए हम स्वास्थ्य विभाग, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर, ग्रेटर नेक्स्ट, हेरिटेज, आइडियल, न्यू गाजियाबाद, इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर का भरपूर सहयोग प्राप्त कर रहे हैं।

## सुंदरकांड पाठ और श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पहुंचे मयंक गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा आयोजित सुंदरकांड और श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भाजपा महानगर के अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचे और कौशांबी की जनता ने दिल खोलकर उनका स्वागत किया। कौशांबी निवासी और समिति सदस्य वरुण शर्मा ने बताया की कौशांबी में प्रथम आगमन के लिए महानगर अध्यक्ष ने किसी राजनेतिक कार्यक्रम को नही बल्कि एक धार्मिक और सामा. जिक आयोजन को चुना और यही बात उन्हे सबसे अलग और इतना लोकप्रिय बनाती हैं।



समिति के सदस्यों कमल ओबेरॉय, शिव भरद्वाज, अशोक परवाल, उमा शंकर शर्मा, मन्दिर के प्रधान आशीष गौर सहित कई बंधुओ ने मयंक गोयल को पगड़ी पहना कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता सार्थक सिन्हा और वरुण शर्मा ने भी महानगर अध्यक्ष को पटका पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कौशांबी के भक्तो की मांग पर कृष्ण भजन सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया और पूरा वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया। सुंदरकांड और कृष्ण भजनों की प्रस्तुति पंडित शिव मोहन मिश्रा और साथियों द्वारा की गयी। उपस्थित भक्तो ने इस आयोजन की प्रशंसा की और अयोजको के इस प्रयास को बेहद सराहा। इस अवसर पर डॉ आचार्या कृति शर्मा, लक्ष्मी कांत चान्ना, सुनीता परवाल, संगीता श्रीवास्तव, नीति गौर, नेहा सेल्ही, मंजु यादव, सुधीश अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, सरोज, नीरजा, सुनीता चौरसिया, डौली, मंजु शर्मा, जयश्री, वसिनु माला प्रसाद, अभय गौड़, योगऋषि गोपाल, मंजु, संवरमल गोयल, संजय भटनागर, प्रीति, रीमा, अलका गुप्ता और रजनी गोयल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मोदीनगर में विद्युतकर्मियों को वितरित किए गए सुरक्षा उपकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधीन 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर कार्यरत समस्त संविदाकर्मियों को विद्युत लाईनों पर कार्य करने हेतु सुरक्षा उपकरण वितरित किये गये। खण्ड के अन्तर्गत कार्यरत संविदाकर्मियों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये सुरक्षा उपकरण (सैफ्टी जैकेट, अर्थ चौन एवं टूलकिट) तथा मै० चाहत सिक्योरिटी सर्विसेज, गाजियाबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये हेलमेट, सैफ्टी बेल्ट, जैकेट व गलब्सों को महेश उपाध्याय, अधीक्षण अभियन्ता द्वारा वितरित किये गये।

वितरित करते समय मौके पर मै० चाहत सिक्योरिटी सर्विसेज, गाजियाबाद के प्रति. निधि एवं उपखण्ड अधिकारी तथा सम्बन्धित अवर अभियन्ता उपस्थित रहे। सुरक्षा उपकरण वितरण के दौरान अवर अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि वह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ संविदाकर्मी विद्युत लाईनों पर कार्य करने के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें। साथ ही साथ संविदाकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वह बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत लाईनों पर कार्य न करें।

इसके अतिरिक्त समस्त संविदाकर्मी / अवर अभियन्ताओं चेतावनी दी गयी कि यदि कोई भी संविदाकर्मी बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत लाईन पर कार्य करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध विभागीय नियमानुसार कार्यवाही तथा सम्बन्धित अवर अभियन्ता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## केडीबी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** के.डी.बी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित अधिकारियों रविंद्र कुमार मंदार (IAS), DM गाजियाबाद, अखिलेश मोहन (CMO) तथा रविंद्र कुमार (ACMO) - ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक पौधों के माध्यम से स्वागत एवं अभिनंदन किया।



इस कार्यशाला का उद्देश्य 1 से 19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना है, ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण की स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिवस बच्चों और किशोरों को परजीवी कृमि संक्रमण से मुक्त करने, उनके स्वास्थ्य, पोषण और शारीरिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए मनाया जाता है।

कृमि संक्रमण से होने वाले नुकसान, जैसे थकान, पोषण की कमी और एकाग्रता में कमी, को रोकने के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन जी अपने वक्तव्य ने कहा कि हीमोग्लोबिन की कमी के कारण शरीर में ऑक्सीजन पहुँचने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे थकावट, कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याएँ होती हैं। इससे व्यक्ति की कार्यक्षमता घट जाती है और उसे बार-बार बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सही पोषण और आयरन युक्त आहार लेना आवश्यक है ताकि हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य बना रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल नामक सुरक्षित व प्रभावी कृमिनाशक दवा पिलाई गई, जिससे वे कृमि संक्रमण से सुरक्षित रह सकें। डीएम महोदय ने अपने संबोधन में खेल और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखते हैं, बल्कि मान. सिक एकाग्रता, अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता को आदत बनाएं। इसी संदेश के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी ने स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## गिन्नी देवी में हुआ नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में किया गया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय मोदीनगर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत द्वितीय चरण में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमारी आन बान और शान है। तिरंगा हम भारतीयों की पहचान है। तिरंगा हम सब भारतीयों को इसपर गर्व करना शान से कहो हम भारतीय हैं चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति से ओत प्रोत इस नाटक में डॉ आकांक्षा सरस्वत अनीता कौशिक एवं गीता त्यागी मंजू कनौजिया रश्मि चौधरी एवं राखी शर्मा का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम का आयोजन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर शालू देवी द्वारा किया गया।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज ने पुलिस लाइन में किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।



इस शिविर में संस्थान के अनुभवी दंत चिकित्सकों की टीम ने लगभग 200 से अधिक आरटीसी प्रशिक्षुओं, पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के दांतों की जांच कर आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया। शिविर का उद्देश्य मौखिक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बचाव संबंधी शिक्षा प्रदान करना, उपचार करना और लोगों को स्वस्थ मौखिक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

शिविर की शुरुआत एक आकर्षक मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें दांतों को सही तरीके से ब्रश करने की तकनीक, मजबूत दांतों के लिए आहार सुझाव और तंबाकू सेवन के जोखिमों पर चर्चा की गई। इस सत्र में इंटरएक्टिव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि प्रतिभागी इन सुझावों को अपनी दैनिक दिनचर्या में लागू कर सकें।

शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों की मौखिक स्क्रीनिंग, ओरल प्रोफीलैक्सिस, तंबाकू सेवन छोड़ने के उपाय और बच्चों के लिए कैविटी से बचाव हेतु फ्लोराइड एप्लिकेशन जैसी सेवाएं प्रदान की गई। यह शिविर न केवल जागरूकता और उपचार की आवश्यकता को पूरा कर रहा था, बल्कि यह बचाव को भी स्पष्ट कर रहा था। आईटीएस - एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

जिसके लिए प्रतिभागियों ने संस्थान की सराहना की। अर्पित चड्ढा के निरंतर समर्थन से संस्थान इस तरह के निशुल्क शिविर निरंतर आयोजित करता रहता है। इस शिविर न केवल प्रतिभागियों के मौखिक स्वास्थ्य में सुधार लाया, बल्कि पुलिस समुदाय में जागरूकता का सकारात्मक प्रभाव भी उत्पन्न किया।

## फर्जी केमिकल से नोट तीन गुना करने का दावा, कई राज्यों में ठगी को दिया अंजाम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कमिश्नरेट की स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच और थाना साहिबाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अंतर्राज्यीय ठगी गैंग का भंडाफोड़ किया है। यह गैंग केमिकल के माध्यम से रुपये को तीन गुना करने का झांसा देकर लोगों को ठगने में शामिल था। पुलिस ने इस मामले में चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक XUV-500 महिंद्रा कार, 3,50,000 रुपये नकद, कांच की प्लेट और अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह गैंग लंबे समय से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और अन्य राज्यों में सक्रिय था। गैंग के सदस्य लालच देकर लोगों को फर्जी केमिकल के जरिए नोटों की राशि को तीन गुना करने का दावा करते थे। वे पहले छोटी राशि पर डेमो देकर भरोसा जीतते, फिर बड़ी राशि लेकर फरार हो जाते थे। इस तरह की ठगी की कई शिकायतें मिलने के बाद गाजियाबाद पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया।

# खतरे के निशान के करीब यमुना का जलस्तर, हाई अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी पुराने रेलवे पुल पर २०४.३१ मीटर के स्तर पर पहुंच गई, जो २०४.५० मीटर के चेतावनी स्तर के करीब है। यह पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के खतरों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु के रूप में कार्य करता है। अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और संबंधित एजेंसियों को संभावित बाढ़ की तैयारी के लिए एहतियाती उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय बाढ़ कक्ष के एक अधिकारी ने कहा कि जलस्तर में वृद्धि का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बांध से हर घंटे छोड़े जा रहे पानी की अधिक मात्रा है। दिल्ली में चेतावनी का निशान २०४.५ मीटर पर है, जबकि खतरे का निशान २०५.३३ मीटर पर है। रविवार को हथिनीकुंड बैराज से १२,००० क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिसके बाद दिल्ली सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने जलस्तर के स्थिर रहने की उम्मीद जताई। फिर भी लगातार बारिश और पहाड़ी इलाकों में बारिश के कारण हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने से जलस्तर बढ़ रहा है। अगर एक साथ तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया तो निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा हो सकता है। राहत की बात यह है कि रविवार को जलस्तर में थोड़ी कमी देखी गई। दिल्ली सरकार ने सतर्कता बरतते हुए यमुना बैराज के सभी गेट खोल दिए हैं जिससे पानी का बहाव बेहतर हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर पर पल-पल नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर राहत व बचाव कार्य तुरंत शुरू होंगे। यमुना में २०६ मीटर पर निकासी शुरू होती है। इस स्तर पर निचले इलाकों के लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया जाता है। लोहे का पुल बाढ़ की स्थिति का आकलन करने का अहम केंद्र है।

राजधानी में यमुना खतरे के निशान २०४.५० मीटर के पास बह रही थी। शनिवार को पुराने रेलवे पुल पर सुबह ९ बजे २०४.४० मीटर जलस्तर दर्ज किया गया। ऐसे में दिल्ली सरकार ने सभी संबंधित एजेंसियों को बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा।

## ड्रग्स सिंडिकेट के मुख्य आरोपी मध्यप्रदेश से पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने एक ऐसे ड्रग्स सिंडिकेट के मुख्य आरोपी तूफान सिंह को शामगढ़, मंदसौर, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जिसने अपने साथी को हेरोइन बनाने का तरीका सीखाया और कच्चे सामान की सप्लाई की। आरोपी की काफी सालों से दिल्ली पुलिस को तलाश थी। आरोपी के खिलाफ पिछले साल फरवरी महीने में गैर जमानती वारंट जारी थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि १२ मार्च २०२३ को, अपराध शाखा ने मौजपुर के मोहम्मद जाहिद को गिरफ्ता करके पांच सौ ग्राम हेराइन जब्त की थी। उसके घर की तलाशी लेने पर ड्रग्स के अलावा नोट गिनने की मशीन तक मिली थी। मामले में कुछ ओर भी गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा, जाहिद ने मंदसौर (मध्य प्रदेश) और भवानी मंडी (राजस्थान) के आपूर्तिकर्ताओं से कच्चा/अफीम पोस्त का अर्क और रसायन प्राप्त करने की बात भी मानी। इसके बाद, स्रोत को पकडने के लिए कई छापे मारे गए, लेकिन वे फरार रहे। आरोपी फरार रहा, इसलिए उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया और उसे भगोड़ा घोषित करने के लिए सीआरपीसी की धारा ८२ के तहत कार्यवाही शुरू की गई।

# 12 लाख कीमत की चरस के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** बिहार के नरकटियागंज से चरस लाकर दिल्ली-एनसीआर में आपूर्ति करने वाले दो तस्करों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से १२ लाख रुपये मूल्य की २.४५० किलोग्राम चरस बरामद की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोपालगंज, बिहार के बेलाल अहमद उर्फ बिलाल और अशफाक अहमद के रूप में हुई है। उपायुक्त हर्ष इंदौरा के मुताबिक, एसआई नरेंद्र सिंह द्वारा दो महीने तक लगातार की गई खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। नरेंद्र ने आरोपियों से जुड़े प्रमुख मोबाइल नंबरों की निगरानी का उपयोग करते हुए बिहार के गोपालगंज से दिल्ली तक संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी, जिससे पता चला कि एक बड़ी चरस की खेप दिल्ली-एनसीआर में आने वाली है। सूचना पर एसीपी अशोक कुमार शर्मा और इंस्पेक्टर संजय कौशिक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने जाल बिछाते हुए मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल २.४५० किलोग्राम चरस बरामद हुई। बताया गया कि बरामद चरस को बिहार के नरकटियागंज से दिल्ली एनसीआर आपूर्ति के लिए लाई गई थी।

पुलिस उनसे पूछताछ कर गिरोह के अन्य तस्करों का पता लगा रही है। पूछताछ में बेलाल ने बताया कि उनकी मुलाकात चरस सप्लाई करने वाले एक नेपाली व्यक्ति नारायण से हुई थी। बेलाल और अशफाक बिहार के नरकटियागंज में नारायण से मिले और ६० हजार में चरस खरीदी। एक नमूना दिल्ली में संजीत को भेजा गया, जिसने सौदे को मंजूरी दे दी। बेलाल और अशफाक चरस लेकर आपूर्ति के लिए दिल्ली आए थे।

# विधानसभा में होगा दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कांफ्रेंस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि २४ और २५ अगस्त २०२५ को विधानसभा के ऐतिहासिक भवन में 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कांफ्रेंस' का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम देश के पहले निर्वाचित केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल की अध्यक्षता के १०० वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उनके जीवन, संसदीय योगदान और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर आधारित भव्य प्रदर्शनी, विशेष डॉक्यूमेंट्री और स्मारक डाक टिकट का लोकार्पण किया जाएगा।स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे और समापन सत्र की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे। विशेष स्मारक डाक टिकट का लोकार्पण माननीय केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया जाएगा।

ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह होंगे। गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से ३२ विधानसभाओं और विधान परिषदों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति और उपसभापति शामिल होंगे।

राज्य अतिथियों के स्वागत और प्रोटोकॉल के लिए दिल्ली सरकार ने १२५ अधिकारियों की नियुक्ति की है।




**दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कांफ्रेंस' के आयोजन की जानकारी देते हुए।**

# बैराज मार्ग बंद होने से करोड़ों का नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** पांच दिन हो गए है, लेकिन बैराज मार्ग को अभी तक यातायात के लिए नहीं खोला गया है। जिससे प्रतिदिन करोड़ों का नुकसान हो रहा है। बैराज में आए गैप की जांच अधिकारी नहीं कर पाए हैं। प्रशासन के द्वारा इस कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसकी सजा नागरिक भुगत रहे है।

गौरतलब है कि मालन नदी में आई बाढ़ के बाद बैराज मार्ग पर पानी उतरने लगा था। जिसकी वजह से इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। आज पांचवें दिन भी बैराज मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद रहा। जिससे नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सिर्फ जैसे तैसे बाइकें यहां से निकल रही है। लेकिन कई बार बाइक चालकों को भी पुलिस हड़काते हुए अभद्र व्यवहार करती है। अफसरों के आदेश पर पुलिस ने आज मध्य गंगा नदी के बैराज पुल पर बैरीकेडिंग कर दी है। जिससे कारों का भी पुल से गुजरना पूर्ण रूप से बंद हो गया है। भारी वाहनों के लिए तो बैराज मार्ग पांच दिन पूर्व से ही बंद है। जिसकी वजह से मेरठ व मुजफ्फरनगर से बसें व अन्य यात्री वाहन नहीं आ पा रहे है। छोटे वाहन उन्हें बैराज पार मुजफ्फरनगर की सीमा में छोड़ देते है। वहां से पैदल ही बैराज पार करना पड़ता है। दिन में तो जैसे-तैसे बैराज पैदल पार कर लिया जाता है। लेकिन रात में वाहन नहीं मिलते है। पैदल चलने की वजह से महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महिलाएं सिर पर सामान रख कर काफी दूर पैदल चल रही है। वह व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए इसे सरकार व प्रशासन का नाकाम होना बताती है। सभी का कहना है कि अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करा कर मार्ग को यातायात के लिए खोल देना चाहिए था। लेकिन वह गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जहां मंत्रियों के लिए रातों-रात हैलीपेड तैयार हो जाता है, वहीं नागरिकों के लिए एक मार्ग भी सही नहीं किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आईआईटी टीम के द्वारा पुल का निरीक्षण करने के बाद बैराज रोड हल्के चार पहिया वाहनों के लिए खोल दिया जायेगा। सर्वे टीम आज बैराज पर पहुंची। टीम के एक सदस्य ने बताया कि बैराज पुल में कोई ऐसी बड़ी खराबी नहीं आई है कि बड़े वाहनों को रोका जाये। एक-दो दिन में हल्के वाहन तो बैराज पुल से होकर गुजर सकते है। दूसरी तरफ आवागमन पूर्ण रूप से बंद करने के लिए पुलिस ने पुल के बिल्कुल करीब बैरिकेडिंग कर दी है। पुलिस किसी भी वाहन को पुल पार नहीं करने दे रही है। लेकिन बैरिकेडिंग के बावजूद कुछ चौपहिया वाहनों को पुल पार करते देखा गया। सूत्रों का कहना है कि पुलिसकर्मी फीलगुड कर वाहनों को निकलवा रहे है।

# दिल्ली में संगठन को और मजबूती पर 'आप' कार्यकर्ताओं से संवाद कर ले रही सुझाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी दिल्ली के अंदर अपने संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर उनके सुझाव ले रही है। इस बाबत रविवार को प्रदेश के सभी जिलों में मासिक जिला बैठकें हुई। उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्षों ने विधानसभा अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं के साथ हर जिले में बैठकें की। जबकि सौरभ भारद्वाज ने किराड़ी, बवाना और नागलोई विधानसभा के अंदर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर संगठन को मजबूती देने के लिए उनके सुझाव लिए। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि कार्यकर्ताओं से प्राप्त इन सुझावों से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा, ताकि संगठन की मजबूती के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें।दरअसल, पिछले तीन महीनों से आम आदमी पार्टी ने संगठन के अंदर अलग-अलग मासिक बैठकों की शुरुआत की है। हर महीने के पहले रविवार विधानसभा स्तर पर बैठक होती है । हर महीने के दूसरे रविवार को जिला स्तर पर बैठक होती है । इसी कड़ी में अगस्त में दूसरे रविवार को दिल्ली के सभी जिलों में जिला स्तर की मीटिंग हुई।

आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और सभी जिला अध्यक्षों ने विधानसभा अध्यक्षों के साथ यह मीटिंग की। इसी तरह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को तीन अलग-अलग विधानसभाओं के अंदर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। सौरभ भारद्वाज रविवार दोपहर लंच के दौरान किराड़ी विधानसभा के कार्यकर्ताओं से मिले और उनसे संवाद किया। इस दौरान किराड़ी के विधायक अनिल झा, पूर्व विधायक ऋतुराज झा और पार्टी के तीनों पार्षद उपस्थित थे। इसके बाद बवाना विधानसभा के अंदर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मद्देनजर आवारा कुत्तों की समस्या पर बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमति सत्या शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मद्देनजर आवारा कुत्तों की समस्या पर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई और इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर स्थायी समिति के उपाध्यक्ष व उप समिति की अध्यक्ष सुंदर सिंह, उप समिति के सदस्य योगेश वर्मा व निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमति सत्या शर्मा ने बताया की बैठक में निर्णय लिया गया कि डॉग शेल्टर सेंटर्स के निर्माण और संचालन के लिए अनुभवी संस्थाओं व विभिन्न एनजीओ से मिलकर उपयुक्त स्थानों का चयन करेगा, जहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।

आवारा कुत्तों की समस्या को नियंत्रित करने के लिए निगम द्वारा एक समर्पित लैंडलाइन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा, जिस पर नागरिक आवारा कुत्तों से संबंधित शिकायतें और सूचनाएं दर्ज करा सकेंगे। श्रीमती शर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम पहले से ही इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से कार्यरत है। आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए निगम द्वारा विशेष उप-समिति का गठन किया गया है। इस उप-समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक जोन में डॉग शेल्टर स्थापित किए जाएंगे, जहां पकड़े गए आवारा कुत्तों को सुरक्षित और मानवीय तरीके से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए गंभीर और ठोस कदम उठा रहा है।

## मलबा बन रहा गंभीर चुनौती

**नई दिल्ली।** कूड़े की तरह ही निर्माण और विध्वंस से निकलने वाला मलबा भी दिल्ली में गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। एमसीडी के पास फिलहाल इतनी क्षमता नहीं है कि वह प्रतिदिन निकलने वाले पूरे मलबे का निपटान कर सके। परिणामस्वरूप, सड़कों के किनारे, नालों और खाली जमीनों पर मलबे के ढेर आम नजारा बन चुके हैं। राजधानी में रोजाना करीब ६००० टन कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (सीएंडडी) वेस्ट यानी मलबा निकलता है।



**दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एक बैठक में छात्रों की ऊर्जा और उत्साह की सराहना करते हुए।**

# दिल्ली के युवा औद्योगिक चुनौतियों को सुलझाने के लिए तैयार: मनजिंदर सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के प्रमुख इंडस्ट्रियल आइडिया थॉन २०२५ को स्टूडेंट इनोवेटर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। ६५२ टीमों ने चार कैटेगरी में मुकाबला करने और अपने समाधान उद्योग जगत व सरकारी तंत्र के सामने पेश करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जिसमें ईनाम की कुल राशि ४० लाख रुपए है।यह प्रतियोगिता दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा उद्योग विभाग, जीएनसीटीडी की ओर से आयोजित की जा रही है जिसका आधिकारिक नॉलेज पार्टनर प्रतिष्ठित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (न्यूट) को बनाया गया है। इसमें छात्रों को दिल्ली की औद्योगिक चुनौतियों के लिए तकनीक-आधारित, प्रैक्टिकल सॉल्यूशंस को तैयार करने का अवसर मिलेगा।

दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने हिस्सा ले रहे छात्रों की ऊर्जा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह जबरदस्त भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली के युवा हमारे औद्योगिक भविष्य को आकार देने का हिस्सा बनना चाहते हैं।६५२ रजिस्ट्रेशनों में से १२४ शॉर्टलिस्टेड टीमें अब १३ अगस्त होने वाले प्रीलीमिनरी राउंड में भाग लेंगी। इस ८ घंटे की चुनौती में वे चार प्रमुख केस स्टडीज पर काम करेंगी:प्रीलीमिनरी राउंड के बाद, ४० फाइनलिस्ट टीमें ख्र प्रत्येक कैटेगरी से शीर्ष १० आगामी २२ अगस्त के ग्रैंड फिनाले में पहुंचेंगी, जहां वे अपने समाधान उद्योग और सरकारी तंत्र के सामने पेश करेंगी।सिरसा ने आगे कहा कि "इंडस्ट्रियल आइडिया थॉन के जरिए हम शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के बीच एक समन्वय बना रहे हैं। छात्रों को वास्तविक समस्याओं पर काम करने का मौका मिल रहा।

# फिक्की ने लॉन्च की भविष्य के लिए तैयार ग्रेडिंग की रूप-रेखा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक एतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) और फ्यूचर राइट स्किल्स नेटवर्क (एफआरएसएन) ने आज संयुक्त रूप से अपनी तरह का पहला और अनोखा ब्लूप्रिंट 'भारत के आईटीआई की स्थिति: तैयारी और परिवर्तन के लिए एक ग्रेडिंग रूपरेखा' लॉन्च किया है जिसके माध्यम से इस बात का मूल्यांकन किया जाएगा कि क्या भारत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) वास्तव में युवाओं को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार कर रहे हैं। जयंत चौधरी, माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र-प्रभार), कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए विजन के अनुरूप इस रूपरेखा को उद्योग अग्रणियों और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ एक विस्तृत परामर्श के माध्यम से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य है प्रमाण आधारित मूल्यांकन के माध्यम से आईटीआई के लिए नियमित गुणात्मक जांच को संस्थागत बनाना और प्रणालीगत सुधार में सहायता प्रदान करना।

# नरेला में बन सकता है सबसे बड़ा जेल परिसर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नए तिहाड़ को लेकर मंथन का दौर शुरू हो गया है। जेल प्रशासन ने डीडीए को पत्र लिखकर इस बात की जानकारी देने को कहा है कि जरूरत के मुताबिक करीब ६०० एकड़ जमीन दिल्ली में कहां-कहां उपलब्ध है। सूत्रों की मानें तो डीडीए ने जेल प्रशासन के पत्र के बाद नरेला, बापरौला और नजफगढ़ में जेल के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी है। यही इलाके हैं, जहां जेल के लिए जमीन उपलब्ध हो सकती है।

शेष हिस्से में या तो कॉलोनियां बस चुकी हैं या जेल जैसी संवेदनशील जगह के लिहाज से वह उपयुक्त नहीं हैं। बाहरी दिल्ली के नरेला में दिल्ली का सबसे बड़ा जेल परिसर बनाने की तैयारी चल रही है। यदि सब कुछ सही रहा तो नया जेल परिसर उसी जगह बनेगा, जहां हाई सिक्योरिटी जेल बनाई जा रही है। नए जेल परिसर के लिए जेल प्रशासन ने डीडीए को प्रस्तावित हाई सिक्योरिटी जेल के आसपास जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

जेल प्रशासन का कहना है कि हमने अभी तीन नए जेल परिसर के लिए जमीन उपलब्ध कराने की बात कही है। जमीन की उपलब्धता के बाद प्रशासन उसके मुताबिक नए जेलों के निर्माण की योजना तैयार करेगा।

जब हरिनगर इलाके में तिहाड़ जेल का निर्माण किया गया था तब उसके आसपास का इलाका सुनसान था लेकिन धीरे-धीरे वहां कॉलोनियां बस गईं। अब वहां लाखों की संख्या में लोग रहते हैं।

ऐसे में कैदियों को मोबाइल पर बात करने से रोकने के लिए जैमर लगाए गए हैं, जिससे आसपास के लोगों को भी दिक्कत आ रही है। इसके अलावा जेल के पास फ्लाईओवर होने की वजह से असामाजिक तत्व गेंद के जरिए जेल में बंद अपने साथियों के पास नशीले पदार्थ और अन्य चीजें फेंकते हैं। तिहाड़ के नौ जेलों में १० हजार कैदियों को रखने की व्यवस्था है, लेकिन यहां २० हजार कैदी रहते हैं, ऐसे में नए जेल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन सभी दिक्कतों को देखते हुए हरिनगर से तिहाड़ जेल को बाहरी दिल्ली में बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

अभी नरेला में जेल प्रशासन को करीब ४० एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है, इसमें से करीब १२ एकड़ जमीन पर हाई सिक्योरिटी जेल बननी है। इस जेल के निर्माण के लिए टेंडर जारी होने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने १४८.५८ करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। एक बार टेंडर जारी होने के बाद करीब ढाई साल के भीतर जेल का निर्माण पूरा होने की बात कही जा रही है। ४० में से शेष बचे करीब २८ एकड़ में भी दो जेल का निर्माण हो सकता है, लेकिन जेल प्रशासन अब यहां और जमीन मिलने की संभावना तलाश कर रहा है।

**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**

**खुली निविदा सं. आर एस (पोल) 058 / 508 / 2025**

**बोली आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से बीमा नियामक विकास प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत कंपनियों से भारत में समुद्री बीमा सहित सामान्य बीमा करने हेतु निम्नलिखित का समुद्री बीमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं:-

| कवर का ब्योरा | बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख |
| --- | --- |
| विस्तृत शर्तों सहित थोक परेषणों के लिए **ओपन** कवर **(मूल) आईसीसी(बी)**: इस्पात मदें, पटरियाँ और चादरें, एंगल और इसी प्रकार की अन्य मद केवल थोक में। विस्तृत शर्तों सहित अंतिम प्रेषिती तक बीमित मदों के पूरे रास्ते में सम्हलाई आदि के कारण होने वाली खराब पैकिंग क्षति सहित विशिष्ट मदों के लिए **ओपन कवर (सभी जोखिम) आईसीसी (ए)**: **(क)** रेल इंजन के अतिरिक्त पुर्जे, संयंत्र/मशीनरी/सिगनल प्रणाली/दूर संचार/माइक्रोवेव/ एक्स-रे उपस्कर एवं उपकरण, अस्पताल उपकरण/डीजल और बिजली इंजन के उपस्कर/इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक मदें, इसी प्रकार के अतिरिक्त पुर्जे/उपस्कर तथा केवल अभंगुर प्रकृति के भंडार, **(ख)** आईसीसी (ए) खंड के अनुसार खुली/अर्ध-खुली हालत में रेल इंजन और सवारी डिब्बे। **(ग)** पहिया, पहिया सेट, टायर और धुरे। **(घ)** तरल, थिनर, पेंट, वार्निश आदि के रूप में नए ड्रमों में सभी प्रकार की अन्य सामग्रियां (पूरे परेषण में ½% अधिकता के अध्यधीन) **(ङ.)** भंगुर प्रकृति की सभी सामग्रियां अर्थात् इंसुलेटर/सेरेमिका/एसबेस्टॉस/ पोर्सिलेन और ग्रेफाइट। **(च)** पूरी तरह से एसेम्बल किए गए रेल इंजन। **(छ)** पूरी तरह से एसेम्बल किए गए सवारी डिब्बे। **(ज)** पूरी तरह से एसेम्बल की गई क्रेनें। **(झ)** पूरी तरह से एसेम्बल की गई पूरी तरह से खुली हालत/अर्ध-खुली हालत में रेल पथ मशीनें। | 10.09.2025 |

**2.** निविदा का अनुमानित मूल्य ₹1.14 करोड़ है। **2.1.** विस्तृत निबंधन एवं शर्तों सहित अहस्तांतरणीय बोली दस्तावेज निदेशक, रेल भंडार (एम), कमरा नं. 363, रेल भवन, नई दिल्ली-110001 से सभी कार्य दिवसों पर (9:30 बजे से 17:30 बजे तक) प्राप्त किए जा सकते हैं। **3.** निविदा दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **www.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। **4.** एजेंटों द्वारा जमा कराए गए प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **5.** निविदाएं सभी कार्य दिवसों में निदेशक, रेल भंडार (एम) को कमरा नं. 363 में 10.09.2025 को 14:30 बजे तक जमा कराई जा सकती हैं और उन्हें उसी दिन 15:00 बजे कमरा नं. 363, रेल भवन, नई दिल्ली में उन बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा, जो प्रस्तावी के खुलने के समय उपस्थित होना चाहते हैं। यदि किसी कारण से 10.09.2025 को कोई छुट्टी हो जाती है तो उसके जमा कराने और खुलने की तारीख को अगले कार्य दिवस तक बढ़ाया जाएगा। **6.** निविदा के लिए स्वीकृति: क्रेता पूरे प्रस्ताव अथवा उसके किसी भी एक भाग के लिए निविदा को स्वीकार करने का और न्यूनतम मूल्य पर भी न स्वीकार करने का अथवा किसी भी प्रकार की निविदा को बिना कोई कारण बताते हुए अस्वीकार करने का अधिकार आरक्षित रखता है। बोलियां प्रस्तुत करने का समय 14:30 बजे तक होगा और उन्हें 10.09.2025 को 15:00 बजे खोला जाएगा।

**(सुनील कुमार वर्मा)**

**निदेशक, रेल भंडार (एम)**

2454/2025 कमरा नं. 363, रेल भवन, नई दिल्ली-110001

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# बच्चे की छत से गिरकर मौत, मां पर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मजीदपुरा में एक 18 महीने के बच्चे की पहली मंजिल से गिरकर मौत हो गई है। यह घटना तब सामने आई जब बच्चे के परिजनों ने उसकी मां पर उसे जानबूझकर छत से फेंकने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार मजीदपुरा निवासी कबाड़ी वसीम अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है। परिवार में उसकी पत्नी शबाना, 3 साल की बेटी और 18 महीने का बेटा आहद शामिल थे। पुलिस को शबाना ने बताया कि वह रसोई में काम कर रही थी, तभी खेलते-खेलते आहद छत के किनारे चला गया और वहां से गिर गया। बच्चे को गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तो वही मृतक



मृतक आहद का फोटो

बच्चे की दादी और चाचा ने शबाना पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके परिवार में अक्सर झगड़े होते थे और इसी वजह से शबाना ने बच्चे को जानबूझकर छत से फेंका। हालांकि शबाना ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे एक दुखद हादसा बताया है।



मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि बच्चे की मौत एक हादसा थी या इसके पीछे कोई साजिश थी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# हाफिजपुर थाने में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर की सड़क हादसे में मौत, पुलिस विभाग में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार की देर रात देहात थाना क्षेत्र के गढ़ रोड सड़क हादसे में हाफिजपुर थाने में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार की कार एक बिना लाइट के खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सोनू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार सोनू कुमार जो मुजफ्फरनगर के गांव सदरुद्दीननगर, थाना भौराकला के निवासी थे। साल 2017 में उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर भर्ती हुए थे और वह हाफिजपुर थाने में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हापुड़ देहात थाने के प्रभारी विजय गुप्ता, हाफिजपुर थाने के प्रभारी आशीष कुमार, सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा और सीओ धौलाना अनीता चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद कार को काटकर सोनू के शव को बाहर निकाला गया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। इस घटना से पुलिस विभाग और सोनू कुमार के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्रों ने अपने घरों पर तिरंगा लगाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत में आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के दूसरे दिन मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम और जिला विद्यालय निरीक्षक डा.श्वेता पुठिया के नेतृत्व में छात्रों ने अपने घरों पर तिरंगा लगाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली।





कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ किया। ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका मंदिर की छात्राओं ने भारत देश महान है सामूहिक गीत गाया और योग का प्रदर्शन किया। छात्रों ईशा सैफी और कनिष्क वत्स ने प्रेरणादायक भाषण दिए, जबकि आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जय भारती जय भारती गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का संचालन एसएसवी डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डा. वंदना वशिष्ठ ने किया। राजकीय हाई स्कूल हिम्मतपुर की प्रधानाचार्य शैलजा ने भी अपना सहयोग दिया। नगरपालिका परिसर में विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, जैसे समेकित बाल विकास परियोजना, ग्रामीण महिला उत्थान समिति पिलखवा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला नगरीय विकास अधिकरण और जिला उद्योग केंद्र पिलखवा द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से भी देश प्रेम और उत्साह का माहौल बना रहा। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस पूरे आयोजन में सभी के चेहरों पर जोश और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था।

# आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार: डीआईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 16 अगस्त को मनाई जाने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए मेरठ परिक्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

डीआईजी कलानिधि नेथानी के निर्देशन में आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नेथानी ने बताया कि त्यौहार के दौरान कुल 2685 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जिनमें 6 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, और 581 उपनिरीक्षक शामिल हैं। साथ ही, एक कंपनी पीएसी और होमगार्ड के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। परिक्षेत्र में कुल 93 शोभायात्राएं प्रस्तावित हैं जिसमें बुलंदशहर में 28, बागपत में 27 हापुड़ में 24 और मेरठ में 14 शामिल हैं। इसके अलावा, 292 मंदिरों में विशेष कार्यक्रम और 23 स्थानों पर भंडारे आयोजित होंगे। पुलिस ने 35 संवेदनशील स्थानों की पहचान की है, जहाँ विशेष सतर्कता बरती जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जनपद प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परंपरा से हटकर शोभायात्रा निकालने, विवादित स्थानों पर झांकियों की स्थापना करने, या जबरन चंदा वसूली जैसे मामलों को रोकने के लिए पहले ही कार्रवाई की जाए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 83 एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय रहेंगे, ताकि छेड़छाड़, जेबतराशी और झपटमारी जैसी घटनाओं को रोका जा सके। सभी आयोजनों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में



रखा जाएगा और उनकी वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी कराई जाएगी। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली अफवाहों या आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और तुरंत कार्रवाई की जाएगी। मटकी फोड़ जैसे कार्यक्रम के आयोजनों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और आयोजकों से सुरक्षा के लिए जाल लगाने जैसे इंतजाम करने को कहा गया है। डीआईजी ने कहा है कि जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गांव में सड़क की बदहाली, गड्डों व कीचड़ से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र के गांव खेड़ा में स्थित बुढेरा वाला फाटक से आरकेजी कॉलेज के पीछे जाने वाली सड़क की बदहाली और जलभराव के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में जगह-जगह गहरे गड्डे और कीचड़ भरा हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते गांव की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिससे उनका जीवन और भी मुश्किल हो गया है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि मुख्य मार्ग पर गहरे गड्डे और जलभराव के कारण पैदल चलना तो दूर, वाहनों से आवागमन भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर बने गहरे गड्डों और कीचड़ के कारण साइकिल और बाइक सवार अक्सर फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को इन रास्तों पर चलने में भारी मुश्किल होती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान गालंद मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा के मुकेश तोमर, तेजवीर सिंह तोमर, वीर सिंह तोमर, रिंकू तोमर, पप्पू तोमर और मोहित तोमर आदि ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं पर ध्यान दें और सड़क की मरम्मत के साथ-साथ जल निकासी की उचित व्यवस्था करें।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव से दवा वितरण कर रहा स्वास्थ्य विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील त्यागी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़मुक्तेश्वर की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव के माध्यम से डोर-टू-डोर जाकर दवाओं का वितरण कर रही है। लगातार बारिश और गंगा के जलस्तर में वृद्धि से इन क्षेत्रों में चारों तरफ पानी भर गया है, जिससे सामान्य आवागमन बाधित है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नाव का सहारा लेकर घर-घर पहुंचकर मरीज़ों को आवश्यक दवाएं, ओआरएस पैकेट, बुखार और सर्दी-जुकाम की दवाएं, क्लोरीन, पेट दर्द , खांसी खुजली मेडिसिन किट तथा प्राथमिक उपचार की सामग्री वितरित की गई।



स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को बाढ़ के दौरान साफ पानी पीने, मच्छरों से बचाव और खाने-पीने की चीज़ों को ढककर रखने की सलाह भी दी। विभाग का कहना है कि यह सेवा बाढ़ प्रभावित इलाकों में तब तक जारी रहेगी, जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाये।

## एक नजर

### अज्ञात व्यक्ति को चोर समझकर मारपीट के मामले में 35 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में एक अज्ञात व्यक्ति को चोर समझकर भीड़ द्वारा उसके साथ मारपीट करने के मामले में चौकीदार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव औरंगाबाद में 9 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति गांव से गुजर रहा था। गांव के कुछ लोगों ने उसे संदिग्ध मानकर चोर-चोर का शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते 30-35 लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई और उस व्यक्ति की पिटाई शुरू कर दी। भीड़ ने युवक को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान गांव के चौकीदार सद्दाम मौके पर पहुंचे और उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए युवक को भीड़ के चंगुल से निकाला। इसके बाद उन्होंने घायल व्यक्ति को सुरक्षित पुलिस के हवाले कर दिया था। संबंधित मामले में थाना सिम्भावली पुलिस ने चौकीदार सद्दाम की शिकायत पर 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गढ़मुक्तेश्वर सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है और जल्द ही साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी को भी कानून को अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है और संदिग्ध व्यक्ति के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित किया जाना चाहिए। इस घटना में घायल हुए व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रामलीला प्रबंध समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के बाराद्वारी मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला समिति के अध्यक्ष चुनने के बाद पंडित रुपेश शर्मा ने अपनी कार्यकारणी समिति का गठन करते हुए मेला तहबाजारी का ठेका पांच लाख 32 हजार रुपये में छोड़ दिया गया है। इस दौरान अध्यक्ष ने रामलीला का भव्य आयोजन करने की बात कहीं।

सोमवार की दोपहर को पुराने हापुड़ मार्ग पर रामलीला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जहां सर्व प्रथम कमेटी के अध्यक्ष पंडित रुपेश शर्मा की देखरेख में मेले के तहबाजारी का ठेका छोड़ गया। सर्वाधिक बोली दाता रोहित आर्य की पांच लाख 32 हजार की बोली पर ठेका उनको छोड़ गया। उसके बाद समिति का गठन किया। इस दौरान विष्णु नागर को कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष मनाया गया। इसके अलावा नितिन जैन को महामंत्री, सतवीर चौहान को कोषाध्यक्ष रुचिर गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष, पिंकी त्यागी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित राय गौतम, दीपक शर्मा, रिंकू शुक्ला, लोकेश गर्ग, विशाल सिंघल, राजकुमार लालू, प्रघुमन शर्मा, ज्ञान स्वरुप शर्मा, पराग शर्मा, हरीष पुषोत्तम, आकाशदीप तोला, कृष्ण कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया। कानूनी सलाहकार गोविंद नागर, मोहित गुप्ता, पचन कंसल, मिलिन कुमार,शिवम भारद्वाज को बनाया गया। इस दौरान पंडित रुपेश शर्मा ने कि इस साल रामलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर अयोध्या की रामलीला मंचन कलाकारों से वार्ता की जा रही है, साथ ही भगवान राम की बरात भी सुदंर सुंदर झाकियों के साथ निकाली जाएगी। इस अवसर पर राजेश शर्मा, अमन गोयल, मुकेश पंडित, सचिन स्वामी, गौरव गौतम, राकेश स्वामी, रामौतार गर्ग, अरुण त्यागी आदि मौजूद रहें।

### बारिश का पानी भरने से किसान के ऊपर गिरी मकान की दीवार, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बलवापुर में बारिश का पानी नींव में भर गया, जिसके कारण मकान की दीवार गिर गई। दीवार गिरने से मकान स्वामी घायल हो गया जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।गांव निवासी विक्रम सिंह के मकान के बराबर में बारिश का पानी भरा हुआ है। वह पानी मकान की दीवार की नींव में भर गया। नींव में पानी भरने से रविवार की रात को अचानक दीवार गिर गई। दीवार गिरने से वह उसके नीचे दबने से घायल हो गया। परिजन ने उसको दीवार के नीचे से निकाल कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से सहयोग दिलाने की मांग की। एसडीएम श्रीराम सिंह ने टीम को भेजकर जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं।

# खुले में जाम छलकाने वालों पर पुलिस का एक्शन, 30 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना लोगों को महंगा पड़ गया।

थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम ने रविवार रात सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 30 लोगों को खुले में शराब पीते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई। इन लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के अंतर्गत कार्रवाई की गई। साथ ही साफ तौर पर निर्देश दिए गए कि अगली बार खुले में शराब न पिएं।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमे खुले में जाम छलका रहे शराबियो की धड़पकड़ की गई। देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि देहात थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग करते हुए थाना पुलिस ने 30 लोगों के खिलाफ खुले में शराब पीने के अंतर्गत कार्रवाई की है। साथ ही सभी को खुले में शराब नहीं पीने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# बाढ़ का पानी आने से खादर में पशुओं को चारे की दिक्कत, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पिछले दिनों खादर क्षेत्र में गंगा के जलस्तर बढ़ने के बाद खेतों में पानी भरा होने से खराब हो रही फसल को देख किसान चिंतित हैं। सबसे अधिक हरे चारे और सब्जी की फसल प्रभावित हुई है।

खादर क्षेत्र में अब हरा चारा न मिलने पर लोगों ने पशुओं को भूसा खिलाना शुरू कर दिया है। शासन स्तर से भी किसानों को पशुओं के लिए भूसा दिलाया गया हैं। खादर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को आवागमन के साथ ही पशुओं के चारा का संकट का भी खड़ा हो गया है। अबकी बार गांवों में बाढ़ के हालात बने हुए है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर गंगा किनारे घाट और खेतों पर जाने से रोक लगा दी थी। वहीं, जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के किसानों का काम प्रभावित हो गया तो फसल भी खराब हो गई हैं। खादर क्षेत्र में पानी की जद में आई सबसे अधिक नुकसान हरे चारे और सब्जी के फसलों को हुआ। इसके साथ ही पशुओं को हरे चारे का संकट गहराने लगा। किसान देवेंद्र सिंह, विशु शर्मा, हरजीत सिंह और पुष्पेंद्र आदि ने बताया कि जलभराव के कारण चारा नष्ट होना तय है। ऐसे में पशुओं को हरा चारा मिलने का संकट रहेगा। पिछले करीब एक सप्ताह से खेतों में लगातार पानी भरा होने से सब्जी सहित करीब एक हजार बीघा से अधिक हरे चारे की फसल लगभग पूरी तरह खराब हो चुकी है। बताया गया कि गंगा खादर में पशुओं का चराना बंद हो गया है।



हरे चारे की कमी के चलते अब लोग पशुओं को भूसा खिला रहे हैं। ऐसे में भूसा भी कुछ दिनों में कम होता जाएगा। आने वाले दिनों में चारे की कमी का सामना करना होगा। इससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। खादर के लोगों को गढ़ नगर सहित आस पास के गांवों से हरा चारा महंगे दामों में लाने के लिए मजबूर होना पड़ा रहा है। किसानों की मांग है कि खराब हुई फसलों का मुआवजा दिया जाए।

# भाकियू की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सोमवार को गढ़मुक्तेश्वर में स्थित कैंप कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया।

मासिक पँचायत की अध्यक्षता पीके वर्मा और संचालन सब्बू चौधरी ने किया। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए,भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी 13 अगस्त को भारतीय किसान यूनियन ट्रैक्टर तिरंगा निकालेगी, जोकि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आहवान पर प्रत्येक वर्ष 13 अगस्त को जनपद के चारों ब्लॉक में बड़े ही धूमधाम के साथ सैकड़ों ट्रेक्टर के साथ ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही किसानों का



बकाया गन्ना भुगतान को लेकर जल्द ही बड़े स्तर पर आंदोलन कर आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जिला अध्यक्ष ने जिला अधिकारी से तीर्थ नगरी में बाढ़ ग्रस्त गाँव के पीड़ित राहत दिलाने की मांग भी की है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गढ़ श्याम सुंदर त्यागी, जिला कार्यकारणी सदस्य यामीन मलिक, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, महिला विंग उपाध्यक्ष शोभा देवी, जिला कार्यकारणी आँचल सिंह , जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, शुभम, प्रदीप चौधरी, फैजान अब्बासी, अनिल, रियाजुद्दीन, समेत जनपद, तहसील, ब्लॉक ग्राम स्तरीय पदाधिकारी व किसान मौजूद ।

# जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में तृतीय जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हापुड़ के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों से लगभग 10 टीमों के 100 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।



जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नगर और भाजपा परिषद उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय मंत्री कविता मद्रे ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान अध्यात्म गुरु विजय बंसल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को प्रेरित किया। प्रज्ञा योगाचार्य सतीश गोयल ने बताया कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है और यह मन तथा शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। हापुड़ योग एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आयुष सिंघल ने कहा कि सरकार योगासन को खेल से जोड़ने का प्रयास कर रही है। प्रतियोगिता में रेफरी और कोच ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार विजेताओं में आरपी देवी ने पहला, डीएवी ने दूसरा और योगेश स्थली ने तीसरा स्थान हासिल किया। 8 से 10 वर्ष की आयु वर्ग में अर्शुमन और हिमानी ने पहला, अक्षिता ने दूसरा, और यशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजन के अंत में योगासन स्पोर्ट्स अलाउंस एसोसिएशन हापुड़ के अध्यक्ष डा. आयुष सिंघल ने सभी पदाधिकारियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रीति वर्मा महासचिव और सुमित शर्मा उपाध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सचिव स्पोर्ट्स एलायंस आचार्य सुनील कुमार और हापुड़ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुभाष चंद भी उपस्थित रहे।

# आज आयोजित होगा तिरंगा महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में जनपद गौतमबुद्ध नगर में तीन चरणों में आयोजित हो रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण में 12 अगस्त को प्रात: 11 से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एक ही दिन वृहद तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट आयोजित होगा।



12 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों में शामिल है और इसको अधिक से अधिक जन भागीदारी, जनप्रतिनिधिगणों, विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की मौजूदगी में संपन्न कराया जाना है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपनी सभी तैयारियों को समय रहते अंतिम रूप दें, जिससे कार्यक्रम को जनपद में अधिक से अधिक जन सहभागिता दर्ज कराते हुए भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सके। प्रशासन द्वारा तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को निर्देशित किया कि तिरंगा महोत्सव के दौरान स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों, स्थानीय उत्पादों, तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/परिधान, वस्त्र, श्रृंगार सामग्री आदि) की बिक्री पर केंद्रित तिरंगा मेले का भी आयोजन व तिरंगा मेले में तिरंगा प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया जाना है, इसको लेकर अपनी-अपनी सभी तैयारियां समय रहते सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी व समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि तिरंगा महोत्सव के दौरान तिरंगा रैलियों का भी आयोजन किया जाना है, यह आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, ब्लाकों और पंचायत में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें स्कूली बच्चों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि इस अवसर पर सेल्फी अपलोड करने के लिए हर घर तिरंगा सेल्फी बूथो को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए और आमजन को प्रेरित करें कि सेल्फी लेकर वेबसाइट अपलोड करें।

इस अवसर पर उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आगामी 14 अगस्त 2025 को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक तीसरे चरण में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भी दिशा निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, उपनिदेशक कृषि राजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण वर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीआईएसएफ जवान ने किया सुसाइड

■ **सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एनटीपीसी प्लांट में तैनात एक सीआईएसएफ जवान ने आत्महत्या कर ली। जवान का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। सुबह भी वह पत्नी से लड़कर आया था। जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारी है। जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौके कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है। घटना जारचा थाना क्षेत्र के एनटीपीसी प्लांट के गेट नंबर-3 के चेकिंग पॉइंट पर हुई।

सीआईएसएफ जवान सिपाही दीपंकर बाराह (28) अपनी पत्नी और ढाई साल के बेटे के साथ एनटीपीसी के फ्लैट में रहते थे। एनटीपीसी प्लांट के गेट नंबर-3 के चेकिंग पॉइंट पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान चेकिंग पॉइंट के पास बने बाथरूम में गए।

उन्होंने वहां खुद को बंद कर लिया और अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली लगते ही मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक दीपंकर बाराह पुत्र सरोज बाराह, निवासी ग्राम इटापारा, पोस्ट टेटोंबरी, थाना गोहपुर, जिला विश्वनाथ, असम के रहने वाले थे।

इस घटना के बाद सीआईएसएफ के उच्च अधिकारियों की तरफ से मामले की सूचना सिपाही के परिवार को दे दी गई है। फिलहाल पत्नी से पूछताछ की गई है। पुलिस के अनुसार उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था और सुबह भी वह जब ड्यूटी पर आया था, उस दौरान पति और पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। आज वह अपने खाने का टिफिन भी लेकर नहीं आया था। सर्विस राइफल से हुई इस घटना के बाद सीआईएसएफ की विजिलेंस टीम भी नजर बनाए हुए है।

**सीआईएसएफ जवान का पत्नी से चल रहा था विवाद:** पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि सीआईएसएफ जवान का पत्नी से विवाद हुआ था। पूर्व में भी दंपती के बीच कई बार विवाद हो चुका था। इस वजह से सिपाही मानसिक तनाव में रहता था। आज विवाद होने के बाद उसने खुद को सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद सीआईएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**सीसीटीवी भी खंगाला जा रहा:** सिपाही के परिजन अगर इस मामले में जांच की मांग करते हैं तो सर्विस राइफल पर मौजूद फिंगरप्रिंट का सीआईएसएफ जवान के फिंगरप्रिंट से मिलान कराया जाएगा। इसके अलावा गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की भी फुटेज खंगाली जा रही है। परिवार को हर तरीके के साक्ष्य सौंपे जाएंगे।

मौके पर सीआईएसएफ और एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे। उन लोगों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। घटनास्थल पर स्थिति शांतिपूर्ण है।

# डे केयर सेंटर में सहायिका ने 15 महीने की बच्ची से क्रूरता की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के डे केयर सेंटर में 15 माह की बच्ची से क्रूरता का सीसीटीवी सामने आया है। आरोप एक नाबालिग सहायिका पर है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि उसने बच्ची को बुरी तरह से पीटा।

उसने बच्ची के मुंह में खिलौना ठूंस दिया। दो बार जमीन पर पटका। पीठ पर थप्पड़, सीने पर मुक्का मारा। सिर दीवार से टकरा दिया। जांघ पर दांत से काट लिया। इस दौरान बच्ची चीखती-चिल्लाती रही। यह फुटेज 10 मिनट 30 सेकेंड का है।

घटना 4 अगस्त 2025 की है। बच्ची की मां की शिकायत पर सेक्टर-142 कोतवाली में डे केयर संचालिका चारु और नाबालिग सहायिका के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सहायिका की उम्र का एफआईआर में जिक्र नहीं है।

सोसाइटी में रहने वाली मोनिका देवी का आरोप है कि वह अपनी बेटी वेदांशी पटेल को रोजाना ब्लिपी डे केयर में दो घंटे भेजती हैं। चार अगस्त को जब उसे घर लेकर आईं तो वह जोर-जोर से रो रही थी। कपड़े बदलने के दौरान उसकी दोनों जांघों पर दांत के निशान दिखे। इसके बाद वह बच्ची को लेकर डॉक्टर के पास पहुंचीं। डॉक्टर ने उन्हें बताया कि ये निशान दांत से काटे जाने के हैं।

**सीसीटीबी फुटेज में क्या दिख रहा, वो पढ़िए:** बच्ची की मां मोनिका ने बताया- मैंने मामले की शिकायत डे केयर चलाने वाली चारु और सहायिका से की। इस पर दोनों ने मेरे साथ अभद्रता करते हुए धमकी दी। पहले संचालिका ने सीसीटीबी दिखाने से मना कर दिया। लेकिन बाद में विरोध पर फुटेज दिखाई। 10 मिनट 30 सेकेंड की फुटेज में सहायिका पहले बच्ची के मुंह में खिलौना ठूंस देती है।

फिर बच्ची को दो बार खड़े-खड़े जमीन पर पटक देती है। वह बच्ची को साइकिल पर बैठाती है। उसकी पीठ पर तेजी से चांटा मारती है। बच्ची का सिर दीवार पर पटक देती है। उसके सीने में मुक्का मारती है।

**हर महीने 3500 रुपये लेते हैं:** सेक्टर-142 थाना पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवाया और आरोपी सहायिका को हिरासत में ले लिया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि डे-केयर बिना वैध लाइसेंस तो नहीं चल रहा था।

सोसाइटी निवासी शेखर झा का कहना है कि सोसाइटी में ग्राउंड पर किराए के फ्लैट में डे केयर चल रहा है। ये लोग हर महीने एक बच्चे की फीस 3500 रुपए लेते हैं। आरोप है कि सहायिका की मानसिक हालत सही नहीं रहती। ऐसी शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं।

**डे केयर में 12 बच्चे आते हैं:** जांच अधिकारी और कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि संचालिका चारु ने बच्चों की देखभाल में लापरवाही दिखाई है। करीब 12 छोटे बच्चों की देखरेख नाबालिग को सौंप दी गई। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करेगी।

# स्क्रैप माफिया रवि काना गैंग का सदस्य गिरफ्तार

■ **कंपनियों से कम दाम पर ठेका लेकर मुनाफा कमाता था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस और गौतमबुद्धनगर स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान में गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सूरज कुख्यात गैंगस्टर रवि काना गिरोह का सक्रिय सदस्य है।



पुलिस ने सूरज को उसके पैतृक गांव भीकनपुर, थाना औरंगाबाद, बुलंदशहर से पकड़ा। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

सूरज रवि काना गैंग का सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को डराकर दबाव बनाता था।

स्क्रैप के कारोबार में यह गिरोह कंपनियों से कम कीमत पर ठेका लेता था। इस तरह अवैध रूप से मुनाफा कमाता था। सूरज और उसके साथियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। आरोपी के खिलाफ पहले से कई अन्य मामले भी दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# युवक की मौत के मामले में केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में करीब एक महीने पहले बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई थी। परिजनों ने रविवार को इस मामले में टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। मेरठ का रहने वाला छकउद्दीन हबीबपुर गांव में किराये के मकान में रहता था। उसके भाई रजाउद्दीन ने पुलिस को बताया कि उसका भाई 11 जुलाई को किसी काम से गाजियाबाद गया था। इसके बाद वापस हबीबपुर लौट रहा था। पतवाड़ी गांव के समीप बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में छकउद्दीन की मौत हो गई। रजाउद्दीन ने अब इस मामले में आरोपी बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद में चल रहे विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट को शत-प्रतिशत सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज कराने के उद्देश्य से आज मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल पर विभिन्न विभागों की स्थिति और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की डैशबोर्ड रैंकिंग संतोषजनक नहीं है, वे तत्काल सुधार करें और अपनी सभी योजनाओं की अद्यतन प्रगति नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग सीधे शासन स्तर से होती है, इसलिए सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और केवल सही एवं त्रुटिहीन डाटा ही अपलोड करें।

बैठक के दौरान राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, समाज कल्याण विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों की प्रगति पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में चल रही सभी निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि विकास कार्यों का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे।

## एक नजर

### रक्षाबंधन मनाकर लौट रहा परिवार हादसे में घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भाई के घर से नौ अगस्त को रक्षाबंधन मनाकर घर लौट रही महिला समेत तीन लोग सेक्टर-62 में हादसे में घायल हो गए। उनकी कार में एक कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-120 स्थित प्रतीक लोरेल सोसाइटी निवासी विवेक शुक्ला ने पुलिस को बताया कि नौ अगस्त को रक्षाबंधन के मौके पर बहन अनामिका द्विवेदी, बहनोई प्रखर द्विवेदी और भांजा प्रनिल द्विवेदी घर आए थे। तीनों रात करीब 10 बजे कार से गाजियाबाद की तरफ जा रहे थे। सेक्टर-62 की तरफ जाते समय संचार विहार यू-टर्न के पास कार के चालक ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी।
इसके चलते उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक नशे में था। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चलती कार में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक चलती हुंडई कार में अचानक आग लग गई। हतेवा फार्म के पास हुए इस हादसे में कार में सवार फौजी ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।पीपलका गांव निवासी रामवीर सिंह, जो फौजी हैं, अपनी हुंडई कार से अकेले ही दनकौर-सिकंदराबाद रोड से होकर घर जा रहे थे। हतेवा फार्म के पास उनकी कार से अचानक धुआं निकलने लगा। उन्होंने कुछ समझ पाते इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रामवीर ने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग की लपटें बढ़ गईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार काफी जल चुकी थी।
प्राथमिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। पीड़ित का कहना है कि वह कार से घर लौट रहे थे जब अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले कार में कोई समस्या नहीं दिखी थी। पुलिस ने इस मामले की जानकारी न होने की बात कही है।

### दूध व्यापारी को रोका और पिस्टल दिखाई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दादुपुर गांव के दूध व्यापारी हरवीर को कुछ लोगों ने रास्ते में रोका और उन पर हमला किया। घटना सोमवार की है, जब हरवीर बाइक पर दूध लेकर बिलासपुर कस्बे जा रहे थे। गांव के मुख्य रास्ते पर कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि पहले गालीगलौज की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं, एक आरोपी ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी।इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हरवीर का कहना है कि उनका गांव के एक परिवार से जमीनी विवाद चल रहा है। पीड़ित ने सोमवार शाम को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कॉलेज निर्माण पर विवाद

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 18 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण के दौरान हो रही डी-वाटरिंग के विरोध में किसान एकता महासंघ ने सोमवार को प्रदर्शन किया। किसान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने यमुना प्राधिकरण के वाइस प्रेसिडेंट सुधीर लांबा को ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी के अनुसार, रीलखा और अच्छेजा बुजुर्ग गांवों के पास कॉलेज के बेसमेंट निर्माण के लिए की जा रही खुदाई में दर्जनों वाटर पंप लगाए गए हैं। इससे आसपास के गांवों का भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। किसानों का आरोप है कि यह कार्य एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिनों में वाटर पंप नहीं हटाए गए तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। प्रदर्शन में राजवीर ठेकेदार, मास्टर इंद्रपाल सिंह, रवि नागर, अमित नागर समेत कई किसान नेता मौजूद थे।

# सात महीने में 98 हजार लोगों को डॉग ने काटा

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश-नोएडा के सभी स्ट्रीट डॉग्स को शेल्टर में करना होगा बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर स्वत: संज्ञान लिया है। कोर्ट ने दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद में तत्काल इलाकों से आवारा कुत्तों को पकड़ना शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इन कुत्तों को पकड़ने के बाद उनको शेल्टर में रखा जाएगा।



अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की भावनाओं को जगह नहीं दी जाएगी। आम जनता की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसके आदेश के बाद से ही नोएडा की सोसाइटी और आरडब्ल्यूए में चर्चा काफी हो रही है।

नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि- शहर में चार डॉग शेल्टर है। इसमें सेक्टर-34, 50, फेज-2 और सेक्टर-93 में शेल्टर बनाए गए हैं। इसमें से दो शेल्टर सेक्टर-34 और 93 में बने शेल्टरों में डॉग को रखा गया है। इसके अलावा सेक्टर-94 में एनिमल शेल्टर है। यहां बीमार पशुओं का इलाज किया जाता है।

इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी शेल्टर बनाने की कार्य योजना तैयार की जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कार्य किया जाएगा। आर्डर कापी आने पर इसका अध्ययन किया जाएगा।

**सात महीने में 73 हजार को स्ट्रीट डॉग्स काटा:** जिला प्रशासन की ओर से जारी आकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में विगत सात महीने में 73 हजार 754 लोगों को डॉग ने कटा है। ये सभी बाइट स्ट्रीट डॉग ने की। इसमें जनवरी 2025 में 9383, फरवरी में 10175, मार्च में 11599, अप्रैल में 10925 और जून में 10646 और जुलाई में 10394 में लोगों को काटा है।

**पालतू डॉग्स ने 24 हजार को काटा:** सात महीने में 24 हजार 856 लोगों को पालतू डॉग ने काटा है। इसमें जनवरी में 3124, फरवरी में 4662 मार्च में 2463, अप्रैल में 3267 मई में 2958, जून में 2815 और जुलाई में 5567 लोगों को पालतू डॉग्स ने काटा है।

इन डॉग्स को रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डॉग्स पालिसी बनाई है। इसके तहत पालतू डॉग्स का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। साथ ही बाइट करने पर भारी भरकम जुर्माना और मुकदमा भी नोएडा में दर्ज किए गए है। रिकार्ड में अब तक 8169 डॉग्स का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

# मासूम को जमीन पर पटकने का वीडियो वायरल, सहायिका को सुधार गृह भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-137 पारस टियरा सोसाइटी के डे-केयर में सवा साल की मासूम के साथ क्रूरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने मामला तूल पकड़ने के बाद बच्ची से मारपीट करने वाली नाबालिग सहायिका को सोमवार को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने उसको किशोर न्यायालय में पेश कर सुधार गृह भेज दिया। पारस टियरा सोसाइटी में रहने वाली महिला ने अपनी सवा साल की बेटी के साथ डे-केयर में मारपीट करने, जमीन पर पटकने और दांत से काटने का आरोप लगाते हुए संचालिका और सहायिका के खिलाफ सेक्टर-142 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने आरोप लगाया कि चार अगस्त को वह अपनी बेटी को डे-केयर से लेकर आई तो वह रो रही थी। उन्होंने बच्ची के कपड़े बदले तो जांघ पर दांत से काटने का निशान दिखाई दिया। इसके बाद वह बच्ची को डॉक्टर के पास लेकर गईं। डॉक्टर ने बताया कि किसी ने बच्ची को दांतों से काटा है। इसके बाद महिला डे-केयर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज देखी तो पता चला कि सहायिका ने बच्ची के साथ बर्बरता की है। इसके बाद पुलिस ने सहायिका को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में सहायिका बच्ची को जमीन पर पटकते हुए साफ दिख रही है। पुलिस ने तुरंत मामले की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग सहायिका को अभिरक्षा में ले लिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि सहायिका को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। उसे सुधार गृह भेजा गया है।

# ठेका बंद होने के बाद शराब न देने पर सेल्समैन को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-18 में ठेका बंद होने के बाद रविवार रात शराब न देना सेल्समैन को भारी पड़ गया। आक्रोशित दो लोगों ने सेल्समैन के साथ मारपीट की। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ सेक्टर-20 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला बुलंदशहर के अगौता निवासी अशोक कुमार सेक्टर-18 स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर करीब पांच साल से सेल्समैन हैं। अशोक रविवार रात दस बजे ठेका बंद कर रहे थे। इसी दौरान दो लोग आए और ठेका खोलकर शराब देने की मांग की। अशोक ने नियमों का हवाला दिया तो दोनों ने अभद्रता करनी शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर मारपीट की।

धक्का देने से नीचे गिरने पर अशोक के हाथ में चोट आ गई। आरोपी धमकी देकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ठेके के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल के टेंडर में धांधली के आरोप की जांच होगी

**नोएडा।** जिला अस्पताल के टेंडर में धांधली के आरोप की जांच होगी। दिल्ली के एक व्यक्ति ने 14 करोड़ के टेंडर में मनमानी का आरोप पूर्व सीएमएस पर लगाया था। दो हफ्ते पहले इससे संबंधित शिकायत सीएमओ कार्यालय को भी मिली थी। सीएमओ कार्यालय मामले की जांच के लिए एक पत्र स्वास्थ्य निदेशालय को भी भेजेगा, ताकि जांच के लिए एक टीम बनाई जा सके। अब तक सीएमओ कार्यालय से इस बारे में पत्र नहीं भेजा गया है। इसी हफ्ते स्वास्थ्य निदेशालय को पत्र भेज दिया जाएगा। टेंडर में मनमानी को लेकर एक वकील ने भी डीएम से शिकायत की है। मामले की जांच करवाने की मांग की गई है। पूर्व सीएमएस पर आरोप है कि टेंडर एक ही एजेंसी को दिया गया है।

# पंचशील प्रतिष्ठा एओए पर 10 लाख का जुर्माना

■ **कूड़े का सही तरीके से निपटारा नहीं, बेसमेंट में जमा कर रहे थे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सोमवार को पंचशील प्रतिष्ठा अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन सेक्टर-75 का निरीक्षण किया। यहां निकलने वाले बल्क वेस्ट को सही तरीके से निपटारा नहीं किया जा रहा था। ऐसे में प्राधिकरण की टीम ने सोसाइटी के एओए पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण अधिकारी इंदू प्रकाश ने बताया कि एओए द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटर कूड़े को सेग्रीगेट नहीं कर रहे थे। भंडार और निपटारा करने में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे।



निरीक्षण के दौरान मिला कि कचरे का पृथक्करण नहीं किया जा रहा है। सूखा, गीला और बागवानी सभी प्रकार का कचरा मिक्स करके टावर-8 के बेसमेंट में जमा किया जा रहा है। कचरा अनधिकृत कबाडियों को दिया जा रहा है, जो कचरे को सड़क पर फेंक रहे है।गंदा पानी जमा हो रहा है, जिसमें मच्छरों का प्रजनन हो रहा है जो वहां के निवासियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा बन रहा है।

**एंटी प्लास्टिक ड्राइव में 100 किलो प्लास्टिक जब्त:** इसके बाद टीम ने ग्राम अट्टा में एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई। जिसमें सभी लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों मैसर्स वीके ट्रेडर्स, मैसर्स प्रेम डिस्पोजल एवं अन्य दुकानदारों से कुल 100 किग्रा प्लास्टिक जब्त की गयी। साथ ही साथ सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि नोएडा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर आर्थिक दंड का प्रावधान है।

# पिता के डांटने पर बेटा घर से भागा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक छात्र पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर चला गया। गांव तीरथली निवासी जगदीश का 18 वर्षीय बेटा सचिन रबूपुरा के एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र है।

सचिन पिछले कुछ दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर पिता ने उसे डांटा और नियमित रूप से स्कूल जाने को कहा। शुक्रवार को सचिन स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकला और लौटकर नहीं आया।

दोपहर तक जब सचिन घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसे स्कूल और आसपास के इलाकों में खोजा। कहीं भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद छात्र के पिता ने रबूपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पत्रकार व महिला दरोगा के घर में हुई सोने चांदी सहित लाखों की चोरी

## रक्षाबंधन पर्व बनाने गए थे दोनों मकान मालिक, चोरों ने देर रात दिया चारी की घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं, जहां अज्ञात चोरों ने दो बंद मकानों में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया हैं। चोरों ने दैनिक जागरण के पत्रकार और महिला थाने में तैनात महिला दरोगा के घर से लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो हुए। पीड़ित दोनों मकान मालिक रक्षाबंधन के पर्व पर अपने बहन के घर गए हुए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस अब जल्द मामले की खुलासे की बात कह रही हैं।

दरअसल आपको बता दे कि बागपत कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुरम कॉलोनी में चोरों ने दो बंद मकानों को अपना निशाना बनाया है। अज्ञात चोरों ने बंद मकान के ताला और गेट तोड़कर मकान के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने सैफ और संदूक में रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर समेत हजारों की नगदी चोरी कर फरार हो गए। जैसे ही घटना की जानकारी पड़ोसियों को हुई तो उन्होंने मकान मालिक दैनिक जागरण के कैमरा मेन प्रदीप राघव और उनके मकान के किराए पर रह रही महिला थाने में तैनात महिला दरोगा रमा को जानकारी दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले में जुटी हुई हैं। पुलिस का कहना है जल्द की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। महिल दरोगा रमा ने बताया कि वह रक्षाबंधन के पर्व पर तीन दिन की छुट्टी लेकर अपने घर सहारनपुर गई थी। घर में रखे 50 हजार रुपए की नगदी और सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। प्रदीप राघव अपनी पत्नी के साथ ससुराल सहारनपुर गए थे। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द घटना के खुलासे की मांग की हैं।





# महिला और बच्ची की जयपुर के समीप सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा का एक परिवार राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था। जयपुर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला और बच्ची की मौत हो गयी जबकि एक युवक घायल हो गया जिसे जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



लहचौड़ा निवासी सुखपाल शर्मा का परिवार लोनी गाजियाबाद में रहता है। वह गांव में आते जाते रहते है। शनिवार को सुखपाल की पत्नी शीला, बेटी नेहा बेटा सोनू पुत्रवधू सरस्वती व पोती सनाया कार द्वारा राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे जब वह जयपुर के समीप पहुंचे तो सरस्वती शौच के लिए कार से उतरने लगी। उसके साथ सोनू और दो साल की बच्ची सनाया भी सड़क किनारे चलने लगे तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसमे सरस्वती व सनाया की मौकें पर मौत हो गयी, जबकि सोनू गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जबकि सोनू को जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही मृतकों के शव को लोनी लाकर अन्तिम संस्कार कर दिया गया है जिसमे सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खैला गांव में तालाब गंदगी से अटा पड़ा है जिससे गांव मे बीमारी फैलने का खतरा बना है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से गांव मे तालाब की सफाई करानें की मांग की है।

खैला गांव में पिछले बीस वर्षो से गांव मे सफाई न होने के कारण तालाब गंदगी से अटा पड़ा है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। आय दिन जानवर तालाब की दलदल मे फसते रहते है जिससे निकालने मे ग्रामीणों को परेशानी होती है। गांव के लोगो ने बताया कि तालाब में गंदगी के चलते गांव मे आय दिन लोग बीमार होते रहते है। उन्होंने बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों से गांव के तालाब और सौंदर्यीकरण कराने की मांग कर चुके है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है जबकि गांव में एक समाजिक कार्य करने वाली टीम गांव में साफ सफाई अभियान चलाती रहती है, लेकिन तालाब की समस्या बड़ी समस्या है जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए गांव के तालाब की सफाई और सौंदर्य करण की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में राजू, मोहित, शानू, बब्लू, अमित, रकम, पप्पू, निखिल, निक्की, संजय, अशोक आदि मौजूद रहे।

# युवक की चाइनीज मांझे से कटी गर्दन, ग्रामीणों ने की रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** खेत से घर लौट रहे युवक की गर्दन चाइनीज मांझा से कट गई। हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर किया गया। ग्रामीणों ने बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश और प्रशासन के दावों के बावजूद उत्तर प्रदेश के बड़ौत क्षेत्र में जानलेवा चाइनीज मांझा की बिक्री खुलेआम जारी है। सोमवार को जौनमाना गांव का निवासी वीशु खेत से घर लौट रहा था, तभी अचानक उसकी गर्दन पर तेज धारदार मांझा लिपट गया। धारदार मांझा गर्दन में गहराई तक कट लगा गया, जिससे युवक लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बड़ौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेरठ के निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीण विकास, आशुतोष, जयवीर, रोहित और राहुल का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से क्षेत्र में चाइनीज मांझा की बिक्री पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, इससे पहले भी कई लोग इस खतरनाक धागे की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज मांझा की बिक्री और उपयोग पर तुरंत पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। चाइनीज मांझा धातु और कांच के महीन टुकड़ों से लेपित नायलॉन धागा होता है, जो उड़ान में बेहद धारदार हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है, क्योंकि यह इंसानों, पक्षियों और पशुओं के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। इसके बावजूद, कई जगहों पर इसका अवैध कारोबार जारी है।



## एक नजर

# अनिल कुमार ने अपने खून से पत्र लिखकर डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरूरपुर गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। किसान अनिल कुमार ने अपने खून से पत्र लिखकर डीएम अस्मिता लाल को शिकायत की है। किसान का आरोप है कि गांव के एक विशेष समुदाय के लोगों ने ग्राम प्रधान के पति के साथ मिलकर सरकारी रास्ते और बंजर भूमि पर कब्जा कर लिया है। इस जमीन पर कब्रिस्तान भी बना दिया गया है। अनिल कुमार ने बताया कि जब उन्होंने इस अवैध कब्जे की शिकायत की, तो ग्राम प्रधान के पति ने कब्जा करने वालों के साथ मिलकर उनके और उनके छह साथियों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। किसान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को खून से लिखा पत्र सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिकायत करेंगे।



# श्मशान घाट व कब्रिस्तान में झाड़ियों पर दवाइयों का कराया छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** कस्बे के शमशान घाट एवं कब्रिस्तान में फैली गंदगी व खड़ी ऊंची घास एवं झाड़ियों पर दवाइयों का छिड़काव कराया गया। ताकि घास सूखकर वहां साफ-सफाई रह सके। दोघट कस्बा निवासी समाज सेवी अशोक कुमार ने टीम के साथ कस्बे के शमशान घाट एवं कब्रिस्तानों में फैली गंदगी व खड़ी ऊंची घास एवं झाड़ियों पर दवाइयों का छिड़काव करवाया। नगर पंचायत द्वारा श्मशान घाट व कब्रिस्तान में साफ सफाई नहीं कराई जा रही है, जिससे वहां गंदगी फैली हुई है। बताया कि शमशान घाट एवं कब्रिस्तान में झाड़ियां एवं घास इतनी ऊंची और अधिक खड़ी थी जिसमे घुसना आसान था। इसके लिए घास खत्म करने की दवा का छिड़काव करवाया गया है ताकि किसी को भी कोई असुविधा न होने पाए। कस्बा वासियों से भी इस सफाई अभियान में जुड़ने की अपील की है। इस मौके पर राजकुमार, कपिल कुमार, जितेंद्र, प्रवीण, दीपक, बबलू, सचिन, सुरेश पंवार आदि रहे।



# जनहित के मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर सोमवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी भावना सिंह को तहसील पहुंचकर कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, कोऑर्डिनेटर नसीम खान, कोताना पूर्व कमिश्नर बेग राज सिंह के नेतृत्व में जनहित के मुद्दे पर समस्या पत्र दिया तुरंत कार्रवाई की मांग की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा ने कहा अधिकारियों को तहसील क्षेत्र में दर्जनों गांव में हो रही खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ में मिलावट से जनता से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। यह सब अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है। अधिकारी मिलावट करने वाले से मिले हुए हैं आने वाले त्योहारों में दूध मावा, पनीर, दही,देशी घी, नकली पर पदार्थ में भारी मिलावट हो रही है। जन स्वास्थ्य को देखते हुए तत्काल प्रभावित कार्रवाई करने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर जबरदस्त उबाल, आक्रोश प्रकट किया, जिससे आने वाले त्योहार पर मिलावटी सामान बाजार में ना बचा जाए। इस अवसर पर यशवीर सिंह, डा.रामकुमार शर्मा राहुल , अशोक शर्मा, कमिश्नर बेगराज सिंह, जाहिद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़की को बहका फुसलाकर ले जा रहे युवकों को ग्रामीणों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** दिल्ली से एक कक्षा आठ की छात्रा को रिक्शा मे बैठाकर घिटौरा गांव पहुंचे दो युवकों को ग्रामीणों ने जमकर धुना और पुलिस को सौप दिया। पुलिस ने नाबालिग लड़की के परिजनों को बुला उन्हें सौप दिया।

दिल्ली मुस्तफाबाद की एक कक्षा आठ में पढने वाली छात्रा को पडौस के ही एक युवक और रिक्शा चालक ने बहका फुसलाकर अपने रिक्शे मे बैठा लिया और उसे लेकर घिटौरा गांव पहुंचे जहां ग्रामीणों को शक होने पर उन्होंने पूछताछ की तो युवक कुछ सन्तुष्ट जवाब नही दे पाये जब उन्होंने लड़की से पूछा तो उसने बताया कि वह जबरजस्ती उसे यहां लाये है जिस पर ग्रामीणों ने दोनो युवकों को जमकर धुना और रटौल पुलिस चौकी को सूचना दी। मौकें पर पुलिस उन्हें अपने साथ ले आयी जहां मामला पूछताछ में प्रेम प्रसंग का लगा पुलिस ने युवती के परिजनों को बुलाकर उन्हें सौप दिया। रटौल चौकी ईन्चाज संजय पुनिया ने बताया कि युवती के परिजनों को बुला युवती को उन्हें सौप दिया गया है। मामला घिटौरा से जुड़े गाजियाबाद क्षेत्र का है।

# रक्षाबंधन प्रेम, विश्वास, सुरक्षा और एकजुटता की भावना को समाज में स्थापित करने का पर्व है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** यह उपहार न केवल औपचारिकता का प्रतीक था, बल्कि विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक भी था। राष्ट्रपति ने इस विशेष अवसर पर छात्राओं और विद्यालय के प्रतिनिधियों को आशीर्वाद देते हुए रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, विश्वास, सुरक्षा और एकजुटता की भावना को समाज में स्थापित करने का पर्व है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी और कहा कि देश की प्रगति के लिए शिक्षित और संस्कारी युवाओं का योगदान अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय डायरेक्टर डा.उपेंद्र चौधरी ने इस अवसर को विद्यालय के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा यह गर्व का क्षण न केवल हमारे विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए है। हमारी छात्राओं ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी अवसर मिलने पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# रक्षाबंधन पर दोघट की छात्राओं ने राष्ट्रपति को बांधी राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जाने माने शिक्षाविद एवं मनोवैज्ञानिक डा. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में छात्राओं के प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राष्ट्रपति से की मुलाकात भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार इस बार श्रीराम पब्लिक स्कूल, दोघट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण लेकर आया। विद्यालय की चार प्रतिभाशाली छात्राओं कुमारी अवनी तोमर, शानवी तोमर, ईशु पंवार और वंशिका राठी को देश की प्रथम नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति को राखी बांधने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह अवसर विद्यालय और क्षेत्र दोनों के लिए गर्व का विषय बन गया।

श्रीराम पब्लिक स्कूल दोघट के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ी कार्यक्रम के दौरान छात्राएँ पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी थीं और उनके हाथों में रंग-बिरंगी, स्वयं निर्मित राखियाँ थीं, जिनमें उनके अपने हाथों का श्रम और स्नेह झलक रहा था। जैसे ही वे राष्ट्रपति के समक्ष पहुँचीं, वातावरण में एक अद्भुत गरिमा और आत्मीयता का भाव उत्पन्न हो गया। छात्रओं ने राखी बांधते समय राष्ट्रपति के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखी जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर विद्यालय की कॉर्डिनेटर साधना त्यागी ने भी राष्ट्रपति को सम्मान स्वरूप एक सुंदर उपहार भेंट किया।



# गठबंधन पर टिप्पणी से पूर्व अपने अतीत में झांकें चौ. लक्ष्मी नारायण:विश्वास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भाजपा विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण द्वारा भाजपा राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन पर की गई टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं में पनपा आक्रोश रालोद के वरिष्ठ नेता विश्वास चौधरी ने अनावश्यक, भ्रामक और राजनीतिक रूप से विडंबनापूर्ण बताया है।

विश्वास चौधरी ने सोमवार को प्रेस नोट जारी कर कहा कि चौधरी लक्ष्मी नारायण का राजनीतिक सफर रालोद से शुरू हुआ था। वे पहली बार रालोद के टिकट पर विधायक बने और उनकी पत्नी भी लोकदल समर्थित जिला पंचायत सदस्यों के समर्थन से जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं। उन पर यह कहावत चरितार्थ होती है कि हमारी बिल्ली और हमसे ही म्याऊं। आज वे भले भाजपा में विधायक हों, लेकिन संगठन में किसी पद पर नहीं हैं। कहा कि केवल विधायक होना किसी को गठबंधन पर निर्णय या टिप्पणी का अधिकार नहीं देता। यह विषय दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व का है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि वयोवद्ध हो चुके चौधरी लक्ष्मी नारायण को लोकदल पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। विधायक बनने के लिए उन्होंने लगभग हर बड़े राजनीतिक दल का दरवाजा खटखटाया है, जिससे यह स्पष्ट है कि निष्ठा और स्थिरता कभी उनके राजनीतिक संस्कार का हिस्सा नहीं रही। विश्वास चौधरी ने आरोप लगाया कि रालोद के बारे में गलत बयान देकर चौधरी लक्ष्मी नारायण न केवल अपनी राजनीतिक जड़ों से मुंह मोड़ रहे हैं, बल्कि उस जनता का भी अपमान कर रहे हैं, जिसने उन्हें पहली बार रालोद के मंच से जनप्रतिनिधि बनाया था। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा-रालोद गठबंधन पर टिप्पणी करना चौधरी लक्ष्मी नारायण का विषय नहीं है। यह निर्णय केवल दोनों दलों के नेतृत्व का है और इस पर उनका हस्तक्षेप पूर्णतः अस्वीकार्य है।



# तीन अलग-अलग गांवों में मारपीट,आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी टीकरी में उपचार के लिए भेजा है और आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहली घटना बामनौली गांव में हुई। पीड़ित नितिन ने बताया कि मनोज पुत्र राजकुमार ने उसे फोन कर बाल्मीकि मंदिर पर बुलाया। वहां पहले से ही गुलशन, अंकित पुत्र जोगा और गोली पुत्र सुनील मौजूद थे। जैसे ही नितिन वहां पहुंचा, चारों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। उन्होंने धारदार हथियार से नितिन के सिर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों को आते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। दूसरी घटना भड़ल गांव में हुई। राजू पुत्र फिरोज ने बताया कि उसका भाई समीर भैस उधारी के 1 लाख 34 हजार रुपए मांगने वसीम पुत्र नसीम और नसीम पुत्र अख्तर के घर गया था। वहां दोनों ने समीर के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। समीर किसी तरह भागकर अपनी जान बचा पाया। आरोपियों ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी। तीसरी घटना पुसार गांव में हुई। अंशुल पुत्र रामबीर ने बताया कि उसका भाई खुशीराम दूध डेरी पर डालकर लौट रहा था। रास्ते में अंशुल पुत्र जोगिंद्र और आशीष पुत्र देशपाल ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। जब अंशुल बीच-बचाव करने गया तो आरोपियों ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की। अंशुल के सिर में कड़ा मारकर उसे घायल कर दिया गया। दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष दोघट सूर्य दीप सिंह ने बताया कि मारपीट की तीनों घटनाओं में कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश के चलते मकान की गिरी छत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में बारिश के चलते एक विधवा महिला के मकान की छत गिर गयी जिसमे दबने से घर का 15 हजार का समान खराब हो गया। ग्रामीणों ने पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

लहचौड़ा निवासी राजवती पत्नी सतपाल विधवा महिला है। दो दिन से रूक रूक कर हो रही बारिश के चलते महिला के मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। गनीमत यह रही उस समय छत के नीचे कोई नही था वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। छत गिरने की आवाज सुन पडौस के लोग वहा पहुंचे और समान को हटवाया लेकिन तब तक महिला का 15 हजार रूपये का घरेलू समान दबकर खराब हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि महिला एक गरीब परिवार से है। उसे प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत/छपरौली/बागपत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के सभी संगठनात्मक मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भाजपाइयों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के साथ-साथ देश के वीरों की जय के गगनचुंबी नारे लगाये जा रहे हैं। जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व हर घर तिरंगा अभियान के जिला संयोजक पवन शर्मा शर्मा ने बताया कि जिले के सभी 12 मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा है, जो देशभर में एक साथ आयोजित हो रहा है।




मंडल कोताना के गांव सरूरपुर खेड़की में मंडल के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयें जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि सभी नागरिकों का कर्तव्य है, कि वह तिरंगे का सम्मान करे और इसे गर्व से फहराए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं और बच्चों में देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना और मजबूत होती है। इस दौरान एससी मोर्चा के जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक सतेन्द्र मौर्य, रविन्द्र आर्य, राजगोपाल कश्यप, मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रधान, सुभाष शर्मा, सत्यवीर सिंह बड़का आत्माराम मौर्य आदि मौजूद रहे। छपरौली मंडल में भाजपाइयों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत पंचायत छपरौली से तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए शहीद कुलदीप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समाप्त हुई। ढोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई तिरंगा यात्रा पर स्थानीय व्यापारियों व लोगों के द्वारा पुष्प-वर्षा की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगे पकड़कर भारत माता की जय के नारे लगाकर लोगों को देशभक्ति का संदेश देने का प्रयास किया। तिरंगा यात्रा मे मौजूद मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सरिता चौधरी ने कहा देश अपना स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। यह मौका है उन वीरों की कुर्बानियों को याद करने का जिन्होंने देश की आजादी में अपना बलिदान और योगदान दिया।

# चुनाव आयोग मुर्दाबाद के नारों के साथ सड़कों पर आए सपाई

## अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना ने पार्टी के नेताओं में भर दिया जोश

### योगेश वर्मा बोले चुनाव आयोग कर रहा लोकतंत्र की हत्या




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के उठाए हुए मुद्दे वोट चोरी के मामले मे संसद मार्ग पर चुनाव आयोग के खिलाफ आवाज को बुलंद करते हुए मार्च निकाला और चुनाव आयोग की तरफ जैसे ही कूच किया तो संसद मार्ग पर बने थाने पर पुलिस और समाजवादी पार्टी के नेता सामने आ गए। एक तरफ कांग्रेस और दूसरी तरफ अखिलेश यादव चुनाव आयोग के खिलाफ बिगुल बजाते हुए दिखाई दिए। अखिलेश यादव को पुलिस ने जैसे ही हिरासत में लिया तो यह खबर उत्तर प्रदेश में समाजवादियों को आक्रोशित कर गई। इसके बाद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने पार्टी के पदाधिकारियों को तत्काल रूप से पार्टी कार्यालय पर उपस्थित होने का मैसेज जारी किया। मौके पर सबसे पहले पूर्व विधायक योगेश वर्मा पहुंचे। धीरे-धीरे समाजवादी पार्टी के नेताओं का जमावड़ा पार्टी कार्यालय पर लग गया। सभी लोगों ने एडीजी कार्यालय पर धरना देने की बात कही लेकिन फिर सभी लोग डीएम कार्यालय की तरफ गए। वहां पर सभी ने चुनाव आयोग के खिलाफ मुरादाबाद के नारे लगाए तो महिलाओं ने भी योगी मुर्दाबाद और बीजेपी मुर्दाबाद के नारों से पूरा कचहरी परिसर ही हिला डाला। समाजवादी पार्टी के नेताओं का जुनून बेहद जोशीला दिखाई दे रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे समाजवादी पार्टी के नेता आज उत्तर प्रदेश की सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ आर पार की लड़ाई के मूड में दिखाई दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उत्तर प्रदेश की सरकार को चेताया कि अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष की तरफ उंगली भी उठी तो समाजवादी पार्टी के लोग सड़कों पर आ जाएंगे और फिर सत्ता परिवर्तन कर के ही दम लेंगे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए योगेश वर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने अगर इशारा भी कर दिया तो पूरा दलित समाज वह सड़कों पर ले आएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने बहुत बड़े-बड़े खेल कर दिए हैं अब जनता चुप नहीं रहेगी। वोट चोरी से बनाई हुई सरकार अब चलने वाली नहीं है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी बड़े आरोप लगाए। इस दौरान विपिन चौधरी ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ने की बात कही। इसी के साथ-साथ सिवालखास विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी नदीम चौहान भी अपने समर्थकों के साथ पार्टी के धरने प्रदर्शन में पहुंचे। उन्होंने भी वोट चोरी के मामले में चुनाव आयोग के साथ-साथ सरकार को घेरा। वहीं सपा नेता अमित शर्मा ने भी वोट चोरी के मुद्दे को लोकतंत्र की हत्या बताया। डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे सपाइयों के साथ महिला विंग भी पूरे जोश में दिखाई दी। उन्होंने योगी मुर्दाबाद के नारे लगाकर यह दिखा दिया कि समाजवादी पार्टी की महिला विंग भी किसी से कम नहीं है। इस दौरान मेरठ में पहले ही कमिश्नरी चौक पर किसानों का धरना प्रदर्शन चल रहा था। ऐसे में समाजवादी पार्टी के नेताओं का आना प्रशासन के हाथ पांव फुला गया। घंटों तक पुलिस प्रशासन समाजवादी पार्टी के नेताओं को मनाता हुआ दिखाई दिया। इस दौरान सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली, हस्तिनापुर से पूर्व प्रत्याशी हिमांशु सिद्धार्थ मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मीट कारोबारी ने स्टाफ को बेल्ट से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में दो युवक को कमरे में बंधक बनाकर बेल्ट से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा रहा है कि मीट कारोबारी ने अपने स्टाफ के दो कर्मचारियों को बेल्ट से जमकर पीटा रहा है। मीट कारोबारी ने दोनों युवको पर कम से कम 30 बार बेल्ट से वार किया है। स्टाफ के दोनों कर्मचारी दर्द से कराहते हैं और चिल्लाते रहे बचने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन मीट कारोबारी लगातार उन्हें पीटता रहा। कर्मचारियों का आरोप है कि तीन महीने से सैलरी नहीं दी। मांगने पर पिटाई की है। आरोपी शान उर्फ शानू कुरैशी थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के पिल्लोंखड़ी पुल के पास मंडी में मीट की दुकान है। कुछ दिन पहले मुर्गे चोरी हो गए थे। इसका आरोप उसने अपने स्टाफ पर लगाया था।

## देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत आदेश फौजी ने निकाली पैदल तिरंगा रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**करनावल।** नगर पंचायत करनावल में पूर्व की भांति देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत पैदल तिरंगा रैली का आरंभ, सिवालखास विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह एवं भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मोहन गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि गण पार्टी पदाधिकारी गण एव मंडल अध्यक्ष आदेश कसाना और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

देश के प्रति प्रेम और समर्पण देश भक्ति की भावना से आयोजित इस पैदल तिरंगा रैली में सरूरपुर मंडल के पदाधिकारियों एवं युवा कार्यकर्ताओं का सैलाब और जोश देखते बनता था। सबके लबो पर भारत माता की जय घोष के साथ अभूतपूर्व तिरंगा रैली के लिए मंडल उपाध्यक्ष राकेश भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, अरविंद जाटव उदयवीर कश्यप, रविन्द्र कश्यप एवं मंडल महामंत्री गौतम चौधरी, अजय शास्त्री का भरपूर सहयोग रहा। मंडल मंत्री जितेंद्र गोस्वामी पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार त्यागी एवं पवन शर्मा ने भारत माता के जयकारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया। पैदल तिरंगा यात्रा में मंडल उपाध्यक्ष रजनीश त्यागी, सुमित बाल्मीकि, तीशा गोस्वामी, गौरव वशिष्ठ, सोनू त्यागी, लोकेंद्र चेयरमैन, उत्तम सिंह, आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत हर्रा और खिवाई में जागरूकता कैंप का आयोजन

### युवाओं को दी गई ब्याज मुक्त ऋण योजना की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** नगर पंचायत हर्रा और खिवाई सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के सहयोग से संपन्न हुआ। कैंप मे उपस्थित युवा, बुजुर्ग एवं मातृशक्ति को योजना के लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए पांच लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही ऋण राशि पर 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। योजना का ऑनलाइन आवेदन https://msme.up.gov.in वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है, जहां विभिन्न उद्योगों के बारे में विस्तृत जानकारी, लगाने के तरीके और संचालन संबंधी वीडियो भी उपलब्ध हैं। नगर पंचायत खिवाई कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह, वार्ड सदस्य अजीत चौहान, गयूर अली, राजकुमार, रोहित कुमार, उम्मेद अली और मोमिन चौहान, सचिन कुमार, मुजीबुर रहमान, विकास कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार, रविंदर, सोकेंद्र कुमार, मेहताब, शहजाद, नसीम, साबिर, ललित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वंही नगर पंचायत हर्रा कार्यक्रम मे अधिशासी अधिकारी निति गुप्ता, सभासद रिहान, नौशाद, मोहम्मद, कामिल पुंडीर, इमरान, तथा नगर पंचायत के कर्मचारी मो. अरशद, नदीम, विशाल, इकरार, जुबेर, प्रदीप, दिशांत समेत कस्बे के सैकड़ों लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

## बाढ़ के बाद अब खादर क्षेत्र में चारों ओर गंदगी का अंबार

### कुछ गांवों के संपर्क मार्ग व खेत अभी भी पानी से हैं लबालब, खेतों में खड़ी गन्ना, धान व चारें की फसल हुई नष्ट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** खादर क्षेत्र में गंगा का पानी सोमवार को उतार पर था और ज्यादातर गांवों के संपर्क मार्गो से पानी भी उतर गया है परंतु कुछ गांवों के संपर्क मार्ग व खेत अभी भी पानी से लबालब है जिससे खेतों में खड़ी गन्ना, धान व चारे के फसल नष्ट हो गई है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। बाढ़ के बाद अब खादर क्षेत्र में चारों ओर गंदगी का अंबार लग जाएगा वहीं खेतों में कई कई फीट सिल्ट जमा होने से किसानों को बुआई में परेशानी होगी।

गंगा के जलस्तर में सोमवार को गिरावट आई और बिजनौर बैराज से जलस्तर घटकर एक लाख 53 हजार क्यूसेक हो गया जबकि हरिद्वार से नदी का जलस्तर मामूली वृद्धि हुई और और एक लाख 25 हजार क्यूसेक हो गया। हालांकि खादर क्षेत्र में पानी उतरने लगा है। पिछले लगभग एक सप्ताह से लगातार खेतों व सड़कों से पानी बह रहा है। जिससे फसल तो नष्ट हो ही गई है साथ सड़के भी क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़कों में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं जो पानी में नहीं दिखाई देते है ओर बाइक सवार चोटिल हो जाते है। खादर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव फतेहपुर प्रेम, भागोपुर, दबखेडी, हंसापुर परसापुर, रठौरा कलां, सिरजेपुर, हादीपुर गांवडी, लतीफपुर, भीकुंड, खेडी कलां आदि गांव के लोगों का कहना है कि गंगा नदी की बाढ़ हजारो हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल को लील जाती है। जिससे किसान की आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है। भीकुंड पुल की अप्रोच रोड में पर्याप्त पुलिया न होने से अप्रोच रोड बह गई है जिस कारण भीकुंड गांव की हालत दयनीय हो गई है। सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव बर्बादी के मुहाने पर है। खादर क्षेत्र के किसानों के सामने बाढ़ का पानी उतर जाने के पश्चात भी अनेक समस्या खड़ी हैं।

## असलम हत्याकांड में परिवार वालों ने एसएसपी से की कार्रवाई न करने की शिकायत

### थाना पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर में सरेआम बीच सड़क पर भतीजे ने चाचा को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। असलम हत्याकांड के मामले में पुलिस ने हत्या में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और हथियार बरामद करने के दौरान आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस से मुठभेड़ में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे। घटना के दौरान मृतक असलम अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर वापस आ रहा था। असलम हत्याकांड मामले में सोमवार को मृतक की पत्नी अपने बच्चों को लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंची और थाना पुलिस पर बाकी आरोपियों को बचाने की गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की एसएसपी से शिकायत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में श्याम नगर क्षेत्र के मजीद नगर गली नंबर 3 का रहने वाला असलम अंसारी बावर्ची का काम करता था और उसका अपने भाइयों से 25 गज के मकान को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में उसके भाइयों ने उस पर करीब तीन महीने पहले भी गोली चलाई थी जिसमें वह बच गया था। इस दौरान असलम ने मुकदमा न करते हुए समझौता कर लिया था। 9 अगस्त को असलम की सरेआम बीच सड़क पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सुभान और सदान को गिरफ्तार कर लिया था उनसे पिस्तौल भी बरामद करने के दौरान मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस दोनो आरोपियों को जेल भेज चुकी है वहीं सोमवार को मृतक असलम की पत्नी अपनी दो बेटियों और परिवार वालों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची और थाना पुलिस पर बाकी आरोपियों को बचाने के आरोप लगाए और मामले की शिकायत करते हुए एसएसपी साहब से सभी की गिरफ्तारी की मांग की मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी ने उसे जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है। घटना के दौरान एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज वायरल हुई थी जिसमें दो आरोपी घटना को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं। थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने दोनों आरोपियों को पुलिस से मुठभेड़ के बाद कार्रवाई कर जेल भेज दिया था।

## ससुरालियों से आहत युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में फंदे से पंखे पर लटककर खुदकुशी कर ली। युवक के परिजनों ने ससुरालियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। उधर, महिला ने पति पर मारपीट कर घर से निकालने की तहरीर दी है। थाना लोहिया नगर क्षेत्र के गांव फफूंडा निवासी 25 वर्षीय रवि पुत्र चंद्रपाल फर्नीचर पर पालिश करने का काम करता था।

रवि की शादी चार मार्च 2024 को लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के नूरनगर निवासी नेहा से हुई थी। दोनों का सात महीने का बेटा है। नेहा पति के साथ शनिवार को रक्षाबंधन पर अपने मायके आई थी। शाम को ही दोनों वापस अपने गांव फफूंडा चले गए थे। रविवार दोपहर को दंपती के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के चलते नेहा ने फोन करके अपनी मां गीता और भाई बिट्टू को बुला लिया। आरोप है कि गीता और बिट्टू ने रवि के साथ गाली गलौज की और नेहा और उसके बेटे को अपने साथ ले जाने लगे। रवि ने पत्नी को ले जाने से काफी मना किया, लेकिन वह लोग नहीं मानें। आरोप है कि इस दौरान सास, साले और पत्नी ने मिलकर रवि के साथ मारपीट कर दी। पिटाई से आहत होकर रवि अपने घर पहुंचा और तोड़फोड़ करते हुए गुस्से में अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं, नेहा ने ससुराल से आते समय लोहियानगर थाने में पहुंचकर पति के खिलाफ मारपीट कर घर से निकालने की तहरीर दी।

## आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से की वोट चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के मण्डल अध्यक्ष मास्टर अब्दुल अजीज के नेतृत्व में सोमवार को जिला मुख्यालय पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक प्रत्यावेदन सौंपा। प्रत्यावेदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बेंगलुरु के विधानसभा क्षेत्र के संबंध में प्रस्तुत तथ्यों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग पर लगे आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। प्रत्यावेदन में कहा गया कि राहुल गांधी ने अपनी प्रेस वार्ता में तथ्यपरक और आंकड़ों के साथ वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बावजूद, चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया नकारात्मक और आपत्तिजनक रही है। आयोग ने राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगकर मामले को व्यक्तिगत विवाद का रूप देने की कोशिश की है जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। आजाद अधिकार सेना ने मांग की है कि चुनाव आयोग को राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का संज्ञान लेते हुए तत्काल निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए तथा जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।विरोध प्रदर्शन में मण्डल मीडिया प्रभारी मोहन देव, जिला अध्यक्ष (महिला मोर्चा) पूजा सिंघल, जिला सचिव सलीम चौहान, नईमुददीन, रहीस हिन्दुस्तानी, शकील सैफी, अजमल, मौहम्मद अली, फहीम गाई, आदिल खान, सुरेन्द्र कुमार कश्यप, नौशादी कुरेशी, हामिद अंसारी, पवन पर्चा, मुकेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आजाद अधिकार सेना ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन पूरे देश में व्यापक आंदोलन छेड़ेगा।

## जहारवीर गोगा छड़ी यात्रा का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोरखनाथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश भगतजी की ओर से बाबा जहारवीर गोगा छड़ी शोभायात्रा और जनप्रतिनिधि समाजसेवी लोगों का सम्मान आयोजन किया गया। यह यात्रा बच्चा पार्क शर्मा मेमोरियल से प्रारंभ हुई और पूरे शहर में घूमते हुए सती मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने यात्राओं पर फूल बरसाए और यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और समाजसेवी, गोरखनाथ सेवा संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोटका गांव में महाराणा प्रताप बोर्ड पर विवादित लेखन से बवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** सरूरपुर थाना क्षेत्र के गोटका गांव में रविवार को एक विवादित घटना के बाद माहौल गरमा गया। गांव के बाहरी छोर पर द्वार के पास लगे महाराणा प्रताप के बोर्ड पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने 'जय भीम' लिख दिया। यह देखते ही ठाकुर समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना मिलते ही सरूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि जिसने भी यह कार्य किया है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि यह गांव का माहौल बिगाड़ने का प्रयास है। इस मामले में थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि किसी असामाजिक तत्व ने यह हरकत की है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पा लिया है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के प्रयास जारी हैं।

## छात्राओं को खिलाई एलबेंडाजोल टेबलेट

**मेरठ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के शुभारंभ के अवसर पर हावर्ड प्लेस्टेड गर्ल्स इंटर कालेज में डीएम डॉ. वी.के. सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया द्वारा 19 वर्ष तक आयु की छात्राओ को एलबेंडाजोल टेबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ किया गया। प्रधानाचार्या ने उपस्थित मुख्य अतिथि डीएम, सीएमओ का पौधा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति गीतो पर नृत्य प्रस्तुत किया। डीएम डॉ. वी.के. सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया ने छात्राओं को एलबेण्डाजोल टेबलेट खिलाई और उससे पहले सुनिश्चित किया कि सभी बच्चों ने सुबह का नाश्ता या कुछ न कुछ तो अवश्य ही खाया हो। बच्चों को 20 मिनट के लिए देखरेख में भी रखा गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय द्वारा की गई सभी व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

## भीकुंड पुलिया के पास बाढ़ के पानी में डूबे युवक का शव बरामद, नहाते समय हुआ था हादसा

### प्रशासनिक अधिकारियों ने मुआवजे का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** खादर क्षेत्र में रविवार को बाढ़ के पानी में डूबे युवक का शव सोमवार की सुबह बरामद हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मुआवजा मिलने के बाद ही उसका अंतिम संस्कार करने की बात कही। इस पर एसडीएम ने मंगलवार तक पीड़ित परिजनों के बैंक खाते में मुआवजे की रकम जमा कराने का आश्वासन दिया।

इस पर ग्रामीण मान गए और पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि रविवार को हस्तिनापुर-चांदपुर मार्ग पर गंगा पुल से पहले भीकुंड वाली पुलिया पर नहाते समय तीन युवक बाढ़ के पानी के तेज बहाव में बह गए थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दो युवकों को तो बचा लिया, लेकिन भीकुंड गांव निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र उर्फ लाला पुत्र राजपाल गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने देर शाम तक पीएसी के गोताखोरों से युवक की तलाश कराई थी। सोमवार सुबह पुलिया से कुछ दूरी पर बाढ़ के पानी में उसका शव बरामद हो गया। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में मौके पर पहुंच गए।

पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के सामने परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग रखी और मुआवजा मिलने के बाद ही उसका अंतिम संस्कार करने को कहा। इस पर एसडीएम संतोष सिंह व एसओ हस्तिनापुर ने ग्रामीणों को समझाया और पीड़ित परिवार के खाते में मंगलवार को मुआवजे का पैसा डलवाने का आश्वासन दिया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जितेंद्र के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र सात वर्षीय यश और तीन वर्षीय ऋषभ हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

### इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में खिताब जीतने वाली अनु रानी ने 62.01 मी. थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता।

इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की एन डीएल हटारबाग लेखा (56-27 मीटर) और दीपिका (54-20 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था।

शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुमेदा जे राना. सिंघे 80.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) और यशवीर सिंह (78. 53 मीटर) क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने 20.77 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अनिमेष कुजूर के नाम पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। दक्षिण कोरिया के सेंगवान को (20-95) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रगुल कुमार (21.17) तीसरे स्थान पर रहे। महिला 200 मीटर दौड़ में एंजल सिल्विया ने 23:95 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए जीत हासिल की। नित्या गांधे, जो पहले 100 मीटर रेस में तीसरे स्थान पर रही थीं, उन्होंने 24:11 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति अय्यप्पा 24:56 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रही। इस बीच, एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता विशाल टीके ने 45:72 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पुरुष 400 मीटर स्पर्धा जीती।अमोज जैकब 45: 86 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और संतोष कुमार टी 46 : 89 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1:46:60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गड्डे (1:47:14) और कृष्ण कुमार (1:48:00) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा (4:15:13) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास (4:17:66) दूसरे और अमनदीप कौर (4:27:14) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता।

## बोधना बनी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कि हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर बनीं। ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम 'मानदंड' या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर, की ओर एक कदम है। बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा किआखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया। वह जरूर कोई जाद. गरनी होंगी। उन्हें सरल पो. जिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं, वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं। उनके खेल में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन या महान जोस राउल कैपब्लांका की झलक दिखती है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### करेन खाचानोव ने अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**अमेरिका, वार्ता।** रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया। यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है। यहां खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया। इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए है। इस सूची में ग्रिगोर दिमित्रोव 318 जीत के साथ शीर्ष पर है। 309 मैच जीतने वाले डेनियल मेदवेदेव दूसरे स्थान, 288 जीत के साथ एलेक्जेंडर जेवरेव तीसरे, मिलोस264 चौथे, रुबलेव 253 पांचवें, डेविड 228 छठे, फ्रिट्ज 221 सातवें, स्टेफानोस 219 आठवें,डी मिनौर 212 नौवें व करेन खाचानोव 200 जीत के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए है।

### आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में टेका मत्था

**वाराणसी, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बनारसी अंदाज में गलियों में चाय की चुस्की का भी आनंद लिया। आचार्य वेंकटेश मिश्र ने बताया कि आकाशदीप ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काशी में दर्शन-पूजन की तस्वीरें साझा करते हुए आकाशदीप ने लिखा किना सोना मांगा, न चांदी मांगी, बस चरणों में यही वंदना मांगी।

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आखिरी बाधा को तोड़ देंगे: हरमन प्रीत

**● घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है और उम्मीद हैं कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान ने सोमवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आखिरी बाधा को तोड़ते हुए भारतीय प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करेंगे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आगामी विश्वकप की उलटी गिनती शुरू होने पर हरमनप्रीत ने कहा किघरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और उम्मीद है कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे और आखिरकार उस बाधा को तोड़ देंगे जिसका सभी भारतीय प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं।

भारत 2005 में उपविजेता रहा, 2009 में तीसरे और 2013 में सातवें स्थान पर रहा। 2017 में वे खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन लॉर्ड्स में इंग्लैंड से फाइनल हार गए, और 2022 में पांचवें स्थान पर रहे। हरमनप्रीत ने 2017 के टूर्नामेंट के उस निराशाजनक पल को याद किया जब




उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय कप्तान ने याद करते हुए कहा किमुझे आज भी वह पारी याद है। वह बहुत खास थी। उसके बाद मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत कुछ बदल गया। उस समय मुझे पूरी तरह से एहसास नहीं था कि क्या हुआ था लेकिन जब हम फाइनल हारने के बाद भारत लौटे, तो हमारा इंतजार कर रहे और हमारा उत्साहवर्धन कर रहे लोगों की संख्या वाकई उल्लेखनीय थी। वह बहुत खास था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने पैनल चर्चा से पहले किया, जिसमें हरमनप्रीत और आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के अलावा भारतीय क्रिकेट स्टार मंधाना व जेमिमा रोड्रिग्स भी शामिल थीं।

## सीएसके बताए आगामी आईपीएल में क्या भूमिका होगी: आर अश्विन

**● अगर मैं टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठता तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है**

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भूमिका क्या होगी। उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है।

खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है। अश्विन आईपीएल में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने सीएसके से शुरुआत की थी और इसके बाद वह राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, लकग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। वह फिर 2025 में सीएसके में लौटे। सीएसके को अभी और भी बड़े फैसले लेने हैं, जिसमें कप्तानी का मामला भी शामिल है।

## नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस बिल लोकसभा में पास

**● आजादी के बाद सबसे बड़ा खेल सुधार, 1975 में पहली बार प्रपोजल लाया गया था: खेल मंत्री मनसुख**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, 2025 पास हो गया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। इस दौरान विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था। बिल पास होने पर मनसुख मांडविया ने कहा कि यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार है। यह बिल खेल संघों में जवाबदे. ही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अफसोस है कि विपक्ष इसमें शामिल नहीं हुआ। संसद में सुबह हंगामे के कारण सदन स्थगित हुआ, लेकिन दोपहर 2 बजे दोबा. रा शुरू होने पर दोनों बिल पास हो गए। विपक्ष के अधिकतर नेता उस समय सदन में नहीं थे, क्योंकि वे चुनाव आयोग के ऑफिस की ओर मार्च करते हुए हिरासत में ले लिए गए थे। बहस के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल का समर्थन भी किया, लेकिन बाद में विपक्ष लौटकर नारेबाजी करने लगा। हंगामे के बीच बिल को वायस वोट से पास किया गया। बीसीसीआई पर आरटीआई लागू नहीं होगा।

## एशिया कप: हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

**● सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितम्बर से खेला जाएगा टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है।

भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांडड्या 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंडड्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुक. ाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था। सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी।

34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकव. री की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था। एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होकर 28 सितम्बर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा



गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी।

भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

## हॉकी की 30 टीमें नए डिवीजन आधारित प्रारूप में करेंगी प्रतिस्पर्धा

**● टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार से शुरु होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें नए डिवीजन-आधारित प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा किया गया है।

डिवीजन 'ए' की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि डिवीजन 'बी' और 'सी' की शीर्ष दो टीमें अगले स्तर पर पदोन्नति हासिल करेंगी। डिवीज़न 'ए' और 'बी' में सबसे नीचे की दो टीमें 2026 के लिए अगले डिवीजन में रेल. ेगेशन का सामना करेंगी। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं, जिनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा शामिल हैं। पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे और 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएँगे। टीमों को निम्नलिखित पूल में विभाजित किया गया है:-

**पूल ए:**- पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु

**पूल बी:**- उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र

**पूल सी:**- हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव(

**पूल डी:**- कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश!

डिवीज़न 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा और अंतिम दो को डिवीजन 'सी' में रेलीगेट किया जाएगा। मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

## पाक की महिला टीम ने आयरलैंड को हराया



**डबलिन, वार्ता।** मुनीबा अली (नाबाद 100) की शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान की टीम आखिरी मैच में जीत दर्ज कर अपनी साख बचाने में कामयाब रही।

हालांकि आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा। उसके बाद 55 के स्कोर पर नतालिया परवेज नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ 101 रनों की अविजित साझेदारी कर 17-4 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। मुनीबा अली को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार नवाजा गया। आयरलैंड की ओर से अवा कैनिंग और लारा मैकब्राइड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर रविवार रात को खेले गए मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया। आयरलैंड की महिला टीम के लिए एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। रमीन शमीम ने गैबी लुईस 22 गेंदों में (36) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद एमी हंटर (29), ली पॉल (11), रेबेका स्टोकेल (पांच) रन बनाकर आउट हुई। आयरलैड की टीम ने निर्धारित 20 ओव. रों में चार विकेट पर 155 रन का स्कोर बनाया। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट 46 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (नाबाद 64) रन बनाये। लॉरा डेलेनी पांच रन बनाकर नाबाद रही। पाक की ओर से फातिमा सना, सादिया इकबाल, वाहिदा अख्तर और रमीन शमीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 2025 में गिल समेत महज दो खिलाड़ी वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूपों में बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

**● न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच हालिया सीरीज में कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में दिखे। उन्होंने 10 पारियों में 75.40 की औसत से सबसे ज्यादा 754 रन बनाए। इनमें चार शतक शामिल हैं। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

वह इस साल अब तक उन दो खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें इस साल टेस्ट और वनडे, दोनों प्रारूप में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला है। उनके अलावा ऐसा करने वाले खिलाड़ी न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी हैं। इतना ही नहीं, गिल ने साल 2023 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में भारत के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड जीता था। फरवरी में खेली गई वनडे सीरीज में गिल ने तीन पारियों में 86.33 की औसत से 259 रन बनाए थे। इसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड दिया गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में 16 विकेट झटके। इनमें दो पाइव विकेट हाल शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड जीता था।

उन्होंने तीन मैचों में नौ विकेट झटके थे। इनमें दो 4 परस शामिल हैं।



## सम्पादकीय

मंगलवार, 12 अगस्त 2025

# विपक्ष का मार्च

मतदाता सूची संशोधन को लेकर विपक्ष पूरी तरह एकजुट दिखाई दिया। विपक्ष ने एकजुट होकर अपने तय कार्यक्रम के अनुसार संसद से अपने मार्च का आगाज किया। उसको चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन चुनाव आयोग के कार्यालय जाने से पूर्व ही लगभग 300 सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। यह अलग बात है कि उन्हें दो घंटे के बाद रिहा कर दिया गया। महिलाएं सांसद विशेष रूप से कुछ ज्यादा ही उग्र दिखाई दी। प्रियंका डिम्पल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रही थी। टीएमसी की दो सांसद तो बेहोश भी हो गई। सांसद मिताली बाग और मऊआ मोइत्रा की तबियत अचानक बिगड़ गई।

विपक्ष जिस तरह आज एकजुट दिखाई दिया, उससे साफ दिखाई दिया कि यह मामला समाप्त होने नहीं जा रहा है, बल्कि हो सकता है कि यह आने वाले समय में और उग्र हो जाए। समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग हठधर्मिता से काम लेता क्यों दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने जो फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर डाटा जारी किए हैं, उनकी जांच करने के बजाए वह उन्हीं से शपथ पत्र मांग रहा है। राहुल गांधी का यह कहना बिल्कुल सही है कि वह शपथ पत्र पर हस्ताक्षर क्यों करें, यह चुनाव आयोग का डाटा है मेरा नहीं। सीधी सी बात है कि चुनाव आयोग कुछ छुपाने की कोशिश कर रहा है, ऐसा राहुल गांधी का कहना है।

अगर चुनाव आयोग का यही रवैया रहा तो उसको समझना होगा कि उसकी साख बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। लो. कतंत्र में साख बहुत मायने रखती है और जब किसी संस्था की साख ही खराब हो जाए तो उसकी सारी कवायद पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। बात विपक्षी दलों की नहीं है, सुप्रीम कोर्ट में भी उसका अड़ियल रवैया दिखाई दिया। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अपने हलफनामे में उन 65 लाख नामों के विषय में जानकारी देने से इन्कार कर दिया, जिसकी जानकारी कोर्ट ने मांगी थी और तर्क दिया कि चुनाव आयोग को कोर्ट में इस तरह की जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। हालांकि कोर्ट को भी इस पर यहां तक कहना पड़ गया कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम न आंके। मतलब साफ है कि अब चुनाव आयोग सुलह-सफाई का रास्ता छोड़ टकराव की राह पर चलता दिखाई दे रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। चुनाव आयोग पर यूं तो काफी समय से सत्ता पक्ष के रूप में काम करने के आरोप लग रहे थे और अब तो बिल्कुल हद ही हो गई। चुनाव आयोग इस समय एक पार्टी बनकर खड़ा हो गया है। जबकि उसको किसी की भी पार्टी न ही बनना है और बनते हुए दिखाई देना है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी बार-बार चिल्ला रहे हैं, वह मात्र कोई एक सांसद नहीं हैं बल्कि नेता प्रतिपक्ष हैं और लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष का अपना एक संवैधानिक वजूद होता है। ऐसे में उनके आरोपों को एक सिरे से खारिज कैसे किया जा सकता है। लोकतंत्र का तकाजा यही है जो सवाल राहुल गांधी ने उठाए हैं, उनका जवाब चुनाव आयोग दे। राहुल गांधी ही नहीं पूरा देश इस पूरे मामले की सच्चाई को सामने आते देखना चाहता है।

## कहां हैं पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़



पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ साहब आखिर कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं, दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है, राज्यसभा के कुछ सदस्य पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफल नहीं हुए, उनके स्टाफ से भी कोई संवाद नहीं हो पाया, जो गंभीर चिंता का विषय है, राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके।

-संजय राउत
सांसद शिवसेना ( उद्धव गुट )

# शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

कभी सर्फिंग और पर्यटन के लिए मशहूर हिंद महासागर का फांसीसी रीयूनियन द्वीप आज एक अलग ही वजह से वैज्ञानिकों का ध्यान खींच रहा है - शार्क हमलों का खतरा। हमलों का सिलसिला फरवरी 2011 में शुरू हुआ थाा अगले आठ सालों में इस द्वीप के आसपास शार्क ने 30 लोगों पर हमला किया, जिनमें से 11 की मौत हो गई। इन हमलों के चलते इस द्वीप को 'शार्क द्वीप' या 'शार्क संकट' कहा जाने लगा।

हमलों के चलते समुद्र तट बंद कर दिए गए, सर्फिंग और तैराकी पर रोक लगा दी गई। पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ, लेकिन इसी संकट ने वैज्ञानिक शोध का एक मौका भी दिया। फ्रांस सरकार ने शार्क के व्यवहार को समझने, तटों की सुरक्षा बढ़ाने और नई तकनीकें विकसित करने के लिए करोड़ों यूरो का निवेश किया। रीयूनियन द्वीप शार्क अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

**शार्क हमलों को समझना**

शार्क की संख्या और उनकी गतिविधियों को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं थी, इसलिए इन हमलों का कोई कारण समझ नहीं आ रहा था। तब फ्रांस सरकार ने CHARC नामक एक रिसर्च प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम दो प्रमुख शार्क प्रजातियों - बुल शार्क Carcharhinus leucas एवं टाइगर शार्क Galeocerdo cuvier पर केंद्रित था, जो ज्यादातर हमलों के लिए जिम्मेदार मानी गई थीं। मकसद था इनके व्यवहार, प्राकृतवास और आवाजाही को समझना, ताकि भविष्य में ऐसे टकरावों को रोका जा सके।

CHARC प्रोजेक्ट से कई अहम जानकारियां मिलीं। वैज्ञानिकों ने पाया कि टाइगर शार्क एक तय मौसम में ही आती थीं और उन्हें गहरा पानी पसंद है। दूसरी ओर, बुल शार्क साल भर मौजूद रहती थीं और अक्सर तट के बेहद करीब तक आ जाती थीं।

**हमलों का कारण**

इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी।

इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं। यही तट सर्फरों के बीच भी सबसे लोकप्रिय थे।

शार्क हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कुछ अन्य कारण भी हैं। जैसे, 2007 में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए एक समुद्री संरक्षण क्षेत्र बनाया गया था। इससे मछलियों की संख्या बढ़ी जो शार्क का भोजन हैं। साथ ही, 1990 के दशक के मध्य में मेडागास्कर द्वीप में विषैला संक्रमण फैलने से शार्क का मांस बेचना बंद कर दिया गया। इससे शार्क पकड़ने में कमी आई, और उनकी संख्या बढ़ने लगी। यानी शार्क संकट पर्यावरणीय बदलाव, इंसानी गतिविधियों, और शार्क की स्थानीय स्थिति को ठीक से न समझने का मिला-जुला परिणाम था।

**बचाव के नए प्रयास**

जनता के बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने 2016 में शार्क सुरक्षा केंद्र की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना था जिससे शार्क हमले कम हों, लेकिन समुद्री पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस दिशा में एक बड़ा कदम इलेक्ट्रिक डेटरेंट्स था। ए पहनने योग्य उपकरण होते हैं जो बिजली के हल्के झटके छोड़ते हैं जिससे शार्क दूर रहती है। उपकरणों की जांच में नतीजे मिले-जुले रहे। एक उपकरण 43 प्रतिशत मामलों में कारगर रहा, बाकी उससे भी कम मामलों में। फिर आशंका इस बात की भी थी कि समय के साथ शार्क इन झटकों की आदी हो गईं तो? फिर भी इन निष्कर्षों के आधार पर नियम सख्त कर दिए गए हैं। अब रीयूनियन में कुछ क्षेत्रों में सर्फिंग करने वालों को इलेक्ट्रिक डेटरेंट पहनना अनिवार्य है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग भी शार्क की निगरानी के लिए किया गया, लेकिन यहां की गंदी और गहरे रंग की रेत के चलते ड्रोन से शार्क को पहचानना मुश्किल था। विकल्प के रूप में पानी के अंदर एआई तकनीक से लैस कैमरे, गोताखोर और समुद्री जाल जैसी रक्षात्मक व्यवस्थाएं भी आजमाई गईं। दुनिया भर में जो एक तकनीक सबसे खास रही, वह थी SMART ड्रमलाइन Shark Management Alert in Real Time इसमें चारा लगे हुक होते हैं जो शार्क को पकड़ते हैं, लेकिन जैसे ही कोई जीव फंसता है, यह उपकरण सैटेलाइट से तुरंत अलर्ट भेज देता है। फिर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर देखते हैं, यदि कोई अन्य जीव फंसा हो तो उसे छोड़ दिया जात है, और अगर शार्क खतरनाक हो तो स्थिति अनुसार उसे मार भी देते हैं। शार्क सिक्यूरिटी सेंटर के निदेशक माइकल होरॉ मानते हैं कि सुरक्षा और समुद्री जीवन संरक्षण के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। अब रीयूनियन प्रशासन का रुख थोड़ा नरम हुआ है। अब वे छोटी टाइगर शार्क को छोड़ देते हैं, और उन्हें टैग कर ट्रैक करने की योजना बना रहे हैं। बहरहाल, 2019 के हमले के बाद से अब तक रीयूनियन द्वीप पर कोई जानलेवा शार्क हमला नहीं हुआ है। द्वीप का समुद्री पर्यटन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है। तैराकी पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील दी गई है और दुनिया भर से वैज्ञानिक रीयूनियन आ रहे हैं ताकि इस द्वीप से पूरी दुनिया के लिए कुछ सबक ले सकें।



**इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी। इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं।**

**एक सबक**

समुद्र जीवविज्ञानी अर्नो गॉथियर कहते हैं कि लोग शार्क को अक्सर दो नजरियों देखते हैं या तो बेचारी के रूप में, या फिर हमलावर के रूप में। लेकिन सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं है। वे समुद्र में स्वतंत्र रूप से विचरने वाले जीव हैं, शायद खतरनाक भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि वे हर इंसान को मारने की फिराक में रहते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि हम न सिर्फ शार्क के व्यवहार को समझें बल्कि प्रकृति के कामकाज में टांग अड़ाने के अपने व्यवहार पर भी थोड़ा नियंत्रण करें।

**...साभार स्रोत फीचर्स**

# डायबिटीज से लेकर वेट लॉस में काम आएगा यह फल

**अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है ( लगभग 59 ), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है। ध्यान रखने वाली बात- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप ( 50-75 ग्राम ) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।**

अनानास ना सिर्फ एक मस्त और यम्मी फल है, बल्कि यह अपनी बॉडी के लिए एकदम सुपरफ्रूट जैसा है। इसमें इतने सारे विटामिन, मिनरल्स और मस्त-मस्त चीजें हैं कि यह दिल की बीमारी, शुगर, लिवर और मोटापे जैसी प्रॉब्लम्स को दूर भगा सकता है, जो आजकल इंडिया में बहुत कॉमन है। बस इसको सही तरीके से खाना जरूरी है।

**दिल का अच्छा दोस्त अनानास**

अनानास में ब्रोमेलैन नाम का एक एंजाइम होता है, जो खून को पतला करता है और सूजन कम करता है। रिसर्च बताती है कि यह दिल के दौरे (हार्ट टैक) और स्ट्रोक (पक्षाघात) के चांसेस को कम कर सकता है, क्योंकि यह खून को जमने नहीं देता और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़िया रखता है। इसमें विटामिन सी भी भर-भर के होता है, जो धमनियों (आर्टरी) को मजबूत रखता है। साथ में पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है, जो इंडिया में 3 में से 1 अडल्ट के लिए एक बडी प्रॉब्लम है।

**क्या डायबिटीज वाले खा सकते हैं?**

अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है (लगभग 59), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है।



**ध्यान रखने वाली बात**- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप (50-75 ग्राम) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**लिवर को रखे फिट और फाइन**

अपने इंडियन खाने में तेल और मसाले ज्यादा होते हैं, तो लिवर पर लोड पडना कॉमन बात है, लेकिन अनानास में विटामिन सी, मैंगनीज और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो लिवर को डैमेज होने से बचाते हैं। ब्रोमेलैन डाइजेशन को भी सही रखता है, जिससे लिवर पर कम बोझ पडता है। अगर आप इसे रेगुलर खाते हैं, तो यह लिवर को हेल्दी रखने और फैटी लिवर जैसी बीमारी से बचाने में हेल्प कर सकता है।

**वेट लॉस में भी सुपर-डुपर हेल्पफुल**

अनानास में कैलोरीज बहुत कम होती हैं (100 ग्राम में सिर्फ 42 कैलोरी) और यह फैट-फ्री होता है। इसकी नेचुरल मिठास आपको मीठा खाने की क्रेविंग से बचाती है, और फाइबर आपको पेट भरा हुआ महसूस कराता है। ब्रोमेलैन प्रोटीन को भी पचाने में मदद करता है, जिससे बॉडी को फायदे मिलते हैं।

**टिप**- सुबह या दोपहर के स्नैक में लगभग एक कप (150 ग्राम) अनानास खाना सही है, बस इस बात का ध्यान रखना कि यह आपकी डेली डाइट का हिस्सा हो।

**...साभार प्रभा**

# कहीं पैसों की वजह से बिखर न जाए रिश्ता

रिश्ते में सिर्फ प्यार, परवाह और आकर्षण ही काफी नहीं होता। पैसे भी एक अहम हिस्सा होते हैं। अक्सर लोग इस बारे में बात करने से बचते हैं और यहीं से मुश्किलें शुरू होती हैं। यह सच है कि पैसा मायने रखता है, खासकर जब आप किसी के साथ अपनी जिंदगी बिता रहे हों। कई बार पैसों की वजह से अच्छे-खासे रिश्ते भी टूट जाते हैं। इसलिए यह समझना बहुत जरूरी है कि एक मजबूत रिश्ते के लिए आर्थिक समझदारी भी उतनी ही अहम है, जितनी बाकी सब कुछ।

**खर्चों को मैनेज करने के आसान तरीके**

1. **50-50 बंटवारा**

यह सबसे आसान तरीका है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई लगभग बराबर हो। इसमें आप दोनों साझा खर्चों (जैसे किराया, खाने-पीने का सामान, इंटरनेट) में आधा-आधा हिस्सा देते हैं। यह तरीका उन लोगों के लिए सही है जो चाहते हैं कि सब कुछ बराबर रहे। आप एक जॉइंट अकाउंट बना सकते हैं या एक-दूसरे को आधा पैसा दे सकते हैं। लेकिन, अगर एक की कमाई बहुत ज्यादा है, तो दूसरे को यह बंटवारा सही नहीं लगेगा और उस पर दबाव भी पड सकता है।

2. **कमाई के हिसाब से बंटवारा**

यह तरीका ज्यादा सही है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई में बड़ा अंतर हो। इसमें खर्च को आपकी कमाई के हिसाब से बांटा जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी कुल कमाई में आपका हिस्सा 40 प्रतिशत है और आपके पार्टनर का 60 प्रतिशत, तो आप खर्च का 40 प्रतिशत देंगे और वे 60 प्रतिशत देंगे। यह एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें कोई दबाव नहीं होता। पर इसके लिए आपको एक-दूसरे को अपनी कमाई खुलकर बतानी होगी।



3. **सब कुछ एक साथ**

अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।

4. **तुम यह, मैं वह**

इस तरीके में आप हिसाब-किताब नहीं करते, बल्कि खर्चों को बांट लेते हैं। जैसे, एक किराया देता है और दूसरा बाकी सामान का खर्च उठाता है। यह बहुत आसान लगता है और आपको बार-बार पैसे देने-लेने का हिसाब नहीं रखना पडता। पर इसका एक नुकसान है कि किराया बाकी खर्चों से ज्यादा हो सकता है, जिससे एक पार्टनर को लग सकता है कि वह ज्यादा दे रहा है। इसलिए समय-समय पर बात करते रहना जरूरी है।

5. **बस साझा खर्चों के लिए**

**अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।**

यह तरीका उन लोगों के लिए है जो अपनी आजादी पसंद करते हैं। आप दोनों अपनी-अपनी कमाई और खर्च अलग-अलग रखते हैं और सिर्फ साझा खर्चों (जैसे किराया) में ही योगदान करते हैं। इससे चीजें सरल रहती हैं और आपको अपनी पसंद की चीज खरी. दने के लिए किसी से पूछना नहीं पडता।

6. **जब जैसा मन हो**

यह उन कपल्स के लिए है जो ज्यादा प्लानिंग नहीं करते। एक बार आप खाने का बिल भरते हैं, तो अगली बार आपका पार्टनर किराने का सामान ले आता है। यह तरीका शुरुआत में अच्छा लगता है, पर अगर एक को हमेशा ज्यादा देना पड रहा है, तो मनमुटाव हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगे कि ऐसा हो रहा है, तो तुरंत बात करें।

## राजनीति गलियारा

कविता

कमल में खाद पानी डल रहा है, इसलिए फूल खिल रहा है।
हाथी को भर पेट चारे की जगह मूंगफली खिलाई जा रही है इसलिए धीमा चल रहा है।
देख कर हाथी की चाल केतली उफन रही है, जिस वजह से कुछ लोगों की हालत बिगड़ रही है।
बिहारियों की हालत, लालटेन, बांग्ला, तीर, एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे हैं।
एआईएमआईएम जैसे चूजे बिना दिशा के गलियों में दाने तलाश रहे हैं।
नल की हालात भी कुछ ऐसी है की कभी इस घेर, कभी उस घेर, कभी उस घर में कभी इस घर में गढ़ रहा है इसी हाल से नल की जाली चौक हो रही है, पानी के साथ रेट फेंक रहा है।
झाड़ू की भी सीखें मुड़ गई हैं कचरा साफ नहीं हो पा रहा है।
साईकिल चली सड़क पर हर कोई दौड़कर पड़ रहा है हिम्मत है साइकिल वाले की सबका हाथ पकड़ कर बैठा रहा है।
हाथ सज धज कर खड़ा-खड़ा सबको सिर्फ टाटा बाय बाय कर रहा है।
जानता है परेशान क्या करें कहां जाएं सब सोच में खड़े हैं देख कर नीतीश नायडू की चाल है असमझस में पड़े हैं,
पता नहीं ये नेता कहां जाएं कहां बैठे दीन ईमान खो बैठे हैं।
करके गठबंधन यारों के साथ, फिर कुर्सी के लिए संसद के बाहर विरोधियों के खेमे में खड़े हैं।
गुजारिश है आप सभी से इनके झांसे में ना आओ करो विवेक से कम और अच्छी सरकार बनाओ।
छोड़ो राजनीति की दुश्मनी मानवता का दीप जलाओ छोड़कर जाति, धर्म, चक्कर सद्भावना जगाओ रखकर हाथ पर हाथ मिलाकर एक साथ भारत की शान बढ़ाओ भारत की शान बढ़ाओ।

...सुमेर सिंह धार
मेरठ रत्न एवं
पूर्व भारतीय सैनिक



नई दिल्ली। मतदाता सूची के विवादास्पद संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी व अन्य विपक्षी पार्टियों के सांसद।

# इजरायली हमले में अलजजीरा के पांच पत्रकारों की मौत

## गाजा के मशहूर रिपोर्टर अनस भी मारे गए, इजरायल ने हमास का आतंकी बताया

**गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके**

**अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था**

**गाजा।** इजरायल के हमले में गाजा के अल शिफा हॉस्पिटल में कम से कम 5 पत्रकारों की मौत हो गई है। अलजजीरा के मुताबिक मारे गए लोगों में रिपोर्टर अनस अल-शरीफ और मोहम्मद करीकेह, कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल शामिल थे।

रिपोर्ट के मुताबिक ये पत्रकार हास्पिटल के बाहर लगे प्रेस के एक तंबू में रह रहे थे। इस हमले में कुल 7 लोग मारे गए हैं। हमले के तुरंत बाद इजरायली सेना ने माना कि उन्होंने रिपोर्टर अनस अल शरीफ को निशाना बनाया था।

इजरायली सेना ने अनस को आतंकवादी बताया और दावा किया कि वह हमास में एक आतंकी सेल के चीफ के तौर पर काम कर चुका था। उसका काम इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर राकेट हमले कराना था। इजरायली सोशल मीडिया हैंडल्स से अनस की यह तस्वीर शेयर की गई। इसमें वह हमास के पूर्व चीफ याह्या सिनवार के साथ है। सिनवार की पिछले साल इजरायली हमले में मौत हो गई थी। मरने से पहले अनस ने शेयर किया गाजा का वीडियो अनस अल शरीफ गाजा से रिपोर्टिंग करने वाले सबसे मशहूर चेहरों में से थे।

अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था। 28 साल के अनस ने मौत से कुछ देर पहले ही एक्स पर इजरायली सेना की बमबारी का वीडियो शेयर किया था। उसके आखिरी पोस्ट में लिखा था कि लगातार बमबारी हो रही है, दो घंटे से गाजा शहर पर इजरायली हमला तेज हो गया है। अनस के पिता की दिसम्बर 2023 में इजरायली बमबारी में मौत हो गई थी। वे जबालिया शरणार्थी कैंप में थे। अनस ने कहा था कि उनका घर के तबाह होने और पिता की हत्या के बावजूद वे जबालिया और उत्तरी गाजा से रिपोर्टिंग जारी रखेंगे। गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। अनस की मौत के बाद गाजा में पत्रकार सुरक्षा समिति (सीपीजे) ने इस पर नाराजगी जताई। सीपीजे ने बयान जारी कर कहा कि वह पत्रकारों की मौ त से हैरान है। सीपीजे की डायरेक्टर सारा कुदाह ने कहा कि बिना सबूत पत्रकारों को आतंकवादी कहना इजरायल की मंशा और प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति उसके रवैये पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार नागरिक होते हैं और उन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, और इसके जिम्मेदार लोगों को कड़ी जा मिलनी चाहिए। फलस्तीनी पत्रकार संघ ने भी इस हमले को 'खूनी अपराध' बताया और इसकी निंदा की है। इजरायल और अल जजीरा के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। इजरायली अधिक. ारियों ने देश में अल जजीरा पर प्रतिबंध लगा रखा है और गाजा में युद्ध के बाद इसके दफ्तरों पर छापेमारी भी की है। कतर अल जजीरा को फंडिंग करता है, हमास नेताओं को शरण देता है। कतर, इजरायल और हमास के बीच बातचीत का केंद्र भी रहा है। इस बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की योजना का बचाव किया है। उन्होंने रविवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी पर कब्जा करना जंग को खत्म करने का सबसे सही और आसान तरीका है। इजरायली सिक्योरिटी कैबिनेट ने शुक्रवार सुबह गाजा सिटी पर कब्जा करने की मंजूरी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की में भूकंप से एक व्यक्ति की मौत और 29 लोग घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 तीव्रता मापी गई थी। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 29 घायल हो गए है। बालिकेसिर में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलि. काया ने पुष्टि की कि भूकंप के झटके से एक 81 वर्षीय बुजुर्ग का निधन हो गया है। उन्होंने कहा कि घायलों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है, और खोज और बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है।

### इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी में आठ मरे, तीन घायल

**क्विटो।** इक्वाडोर के पश्चिमी प्रांत गुआयास के सांता लूसिया में रविवार को एक नाइट क्लब के बाहर बंदूकधारियों के एक समूह ने भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें आठ लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बंदूकधारी रविवार दो कारों में सवार होकर नाइट क्लब पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में शहर के मेयर उबाल्डो उर्कीज़ो का भाई जॉर्ज उर्कीज़ो भी शामिल था।

### सीरिया में हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को दक्षिणी सीरिया के द्रुज़ प्रांत में स्थित सुवेदा में नागरिकों के खिलाफ हो रहीं हिंसा की कड़ी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर 12 जुलाई से सुवेदा प्रांत में हो रही हिंसा, सामूहिक हत्या और आंतरिक विस्थापन पर चिता जाहिर की। साथ ही परिषद ने सभी से युद्ध विराम का पालन करने और बिना किसी पक्षपात के सभी नागरिकों की रक्षा करने का आह्वान किया।

# पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का पलटवार

## परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत, कहा: हमे सुरक्षा करना आता है

**टेक्सास।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं।

ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है। दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रोपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था कि भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गए एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट किया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं-सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं।



- **आसिम मुनीर ने कहा था: सिंधु पर बांध बना, तो मिसाइल मारेंगे**
- **सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है**

### मुनीर ने फिर कश्मीर को गले की नस बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार फिर से कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। इससे पहले अप्रैल में भी मुनीर ने ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था-कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। मुनीर ने कहा कि कश्मीर, भारत का आंतरिक मसला नहीं है, बल्कि एक अधूरा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन वे कब पहुंचे इसकी तारीख नहीं बताई गई है। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमे. रिका यात्रा है। उन्होंने फ्लोरिडा के टैम्पा शहर में रविवार को पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित किया। मुनीर ने कहा कि भारत क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने पर तुला हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि कोई भी गलती इलाके में बड़े संघर्ष की वजह बन सकती है।

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

## भारत मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं

- **कनाडा में इस पर 300 प्रतिशत तक टैरिफ स्विट्जरलैंड, कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं**
- **दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी**

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमे. रिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके।

# चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल: जेडी वेंस

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डालर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7 प्रतिशत कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

## लंदन: फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में 532 गिरफ्तारियों की पुष्टि

**लंदन।** लंदन में पुलिस ने एडवोकेसी नेटवर्क फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन में शामिल 532 लोगों को गिरफ्तार किया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार रविवार को अपराह्न एक तक 18 लोग हिरासत में थे। पुलिस ने कहा कि जिन लोगों के विवरण की पुष्टि हो सकी, उन्हें ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पार्लियामेंट स्क्वायर से शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में लगभग 500 से 600 लोगों ने भाग लिया और इस दौरान कम से कम 365 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में प्रदर्शनकारियों को 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं' लिखे हुए पोस्टर पकड़े हुए दिखाया गया है।

# फलस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

## न्यूजीलैंड बोला: हम भी विचार कर रहे, 17 दिन में चार देशों ने किया मान्यता देने का ऐलान




- **एंथनी अल्बनीज ने गाजा की मौजूदा हालत को दुनिया का सबसे बुरा सपना बताया**

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि इस पर सितम्बर में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा भी फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके है। दो सप्ताह पहले फ्रांस ने जब फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने का ऐलान किया था, तब अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया ऐसा कोई कदम नहीं उठाने जा रहा है। अब अल्बनीज ने कहा कि अलग फलस्तीन देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं से बातचीत के बाद लिया गया। वहीं, न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि उनका देश भी फलस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने के लिए विचार कर रहा है।

अल्बनीज ने गाजा की मौजूद हालत को 'दुनिया का सबसे बुरे सपना बताया'। उन्होंने कहा कि इजरायल लगातार अंतर्राष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर रहा है। अब पश्चिम एशिया में हिंसा खत्म करने और गाजा में युद्ध, भूख और पीड़ा को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टू स्टेट साल्यूशन है, जिसमें राजनीतिक रास्ता अपनाया जाए, सैन्य नहीं। आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर नेतन्याहू से भी बात की। उन्होंने महसूस किया है कि उनके तर्क एक साल पहले के जैसे ही हैं। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि अब सैन्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक समाधान की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को मान्यता देने के पीछे कुछ शर्तें भी रखी हैं। पीएम अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीन प्राधिकरण (पीए) को यह वादा करना होगा कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में हथियारबंद गुटों और मिलिशिया को खत्म करेगा। अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी फलस्तीनी राज्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि पीए ने उस सिस्टम को भी खत्म करने की बात कही है जिसमें इजरायल के लिए लड़ने वाले परिवारों को पैसे दिए जाते हैं। इसे अक्सर 'हत्या की कीमत' कहा जाता है। इसके अलावा अल्बनीज ने आम चुनाव करने और इजरायल के अस्तित्व के अधिकार को भी मान्यता देने की मांग की। फलस्तीनी प्राधिकरण ने आस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर कहा कि एक अलग देश का दर्जा मिलना उनके आत्म निर्णय के अधिकार को बढ़ावा देता है।

# वॉशिंगटन से सभी बेघरों को हटाएंगे: ट्रम्प



- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: कोई नरमी नहीं बरतूंगा, वाशिंगटन डीसी का साफ-सुथरा रहना जरूरी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वाशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा। ट्रम्प ने पहले भी कहा था कि शहरों से बेघर लोगों को हटाकर बाहर की सस्ती जमीन पर 'अच्छी गुणवत्ता वाले' टेंट में बसाया जाएगा। यहां उन्हें शौचालय और डाक्टर की सुविधा मिलेगी। ट्रम्प ने 24 जुलाई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिससे बेघर लोगों को गिरफ्तार करना आसान हो गया है। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि वाशिंगटन में अपराध पूरी तरह से बेकाबू हो गया है। इस वजह से उन्होंने 450 अधिकारियों को शहर में तैनात किया था।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108